09 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 140

महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा : कल्पना






# एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या

- केरेडारी परियोजना में डिस्पैच अधिकारी थे कुमार गौरव
- मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम



## जांच के लिए हजारीबाग पहुंचे आइजी

घटना के बाद बोकारो रेंज के आइजी एस माइकल राज हजारीबाग पहुंचे। उन्होंने हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह समेत डीएसपी, एसडीपीओ के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है। बहुत जल्द ही घटना का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा में एनटीपीसी के पदाधिकारी की शनिवार को गोली मार कर हत्या कर दी गयी। मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। अधिकारी का नाम कुमार गौरव है। वह केरेडारी की एनटीपीसी कोयला परियोजना में डीजीएम (डिस्पैच) के पद पर कार्यरत थे। घटना के बाद उन्हें हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**नालंदा के रहनेवाले थे गौरव:** कुमार गौरव परिवार के इकलौते बेटे थे। जब वह छोटे थे, तभी उनके पिता की मृत्यु हो गयी थी। उनकी मां ने उनका लालन-पालन किया था। गौरव 42 वर्ष के थे। उनकी एक 10 साल की बेटी है, जो हजारीबाग के स्कूल में पढ़ाई करती है। घटना से मां और पत्नी सदमे में हैं। कुमार गौरव मूल रूप से नालंदा के रहने वाले थे। घटना के बाद एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने कहा कि घटना कैसे हुई है, यह जांच का विषय है। जिस तरह से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, इससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल:** मिली जानकारी के अनुसार डिस्पैच अधिकारी कुमार गौरव अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से सुबह कार्यालय जा रहे थे। इसी क्रम में फतहा चौक के पास मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। गाड़ी में गौरव का ड्राइवर और एक कर्मी भी था। पीछे की सीट पर बैठे कुमार गौरव को दो गोली लगी। उन्हें उसी गाड़ी से तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुए गोलीकांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। पुलिस सुरक्षा पर सवालिया निशान उठ रहे हैं।

## सरकार कोयले के अवैध कारोबार पर रोक लगाये : बाबूलाल मरांडी



रांची (अजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कुमार गौरव की हत्या को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि घटना से स्तब्ध हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जिस प्रकार भड़काऊ बयान देकर कोयला कारोबार को प्रभावित करने की धमकी दी गयी, उसके बाद से अपराधियों के हौसले और बुलंद हैं। रांची में 7 मार्च को एक कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमले के बाद भी पुलिस सचेत नहीं हुई। अंततः अपराधियों ने एक युवा होनहार अधिकारी की जान ले ली। न जाने कोयले के काले कारोबार में कितने निर्दोष लोगों की जान जायेगी? बाबूलाल ने कहा कि धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा के इलाके से प्रतिदिन हजारों ट्रक कोयले की चोरी हो रही है। यदि इस चोरी पर रोक नहीं लगी, तो इसी तरह रोज हत्याएं होंगी। मुख्यमंत्री के लिए यह उपयुक्त समय है कि सबसे पहले वे कोयले की चोरी बंद करायें। राज्य के डीजीपी तत्काल कोयला कारोबार के सुरक्षित संचालन के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# आदिवासियों की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत




पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सरना पूजास्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की

आजाद सिपाही संवाददाता


**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को 'बाहा पर्व' के अवसर पर जमशेदपुर के शास्त्रीनगर स्थित सरना पूजास्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। इस मौके पर उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी उनके साथ थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक संरक्षण के साथ-साथ बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित मजबूती प्रदान की जा रही है। आज आदिवासी समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। आदिवासी सभ्यता और संस्कृति झारखंड की पहचान है। आदिवासी समाज ही प्रकृति का असली संरक्षक है।

इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक मंगल कालिंदी, संजीव सरदार और विधायक सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावा आदिवासी संथाल जाहेर थान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।




## चैंपियंस ट्राफी खिताबी भिड़ंत आज



आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से होगा।

# हेमंत सरकार ने दी होली की सौगात, मंईयां के खाते में खटाखट जाने लगे 7500 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ा तोहफा दिया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बकाया 7500 रुपये महिलाओं के खातों में ट्रांसफर होने लगे हैं। यह राशि जनवरी, फरवरी और मार्च महीने की है। 6 जनवरी को दिसंबर महीने की 2500 रुपये की किस्त 56 लाख 61 हजार 791 महिलाओं को दी गयी थी। इस बीच कई महिलाओं के अपात्र होने की बात सामने आयी। इसके बाद जांच शुरू हुई। इस जांच में अब तक 43 लाख 85 हजार 357 महिलाएं ही पात्र पायीं गयीं। योजना की पात्रता पर भौतिक सत्यापन चल रहा है। अब तक 37,55,233 लाभुकों का बैंक खाता आधार से लिंक हो गया है। फिलहाल जिन महिलाओं का खाता आधार लिंक है, उन्हें राशि भेजी जा रही है। बाकी का भौतिक सत्यापन और आधार लिंक होने के बाद जायेगा।






## महिलाओं के परिवार में बढ़ेंगी खुशियां : हेमंत

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि झारखंड में महिला दिवस पर राज्य की सभी मंईया को सम्मान राशि के पूरे 7500 रुपये सभी के बैंक खातों में पहुंच रहे हैं। अब होली के पावन पर्व पर, सभी मंईयां अपने परिवार के साथ खुले मन से रंगों का आनंद ले सकती हैं। इस सम्मान राशि का उपयोग अपने परिवार की खुशियों को बढ़ाने में कर सकती हैं। मैं सभी राज्य की महिलाओं को नमन करता हूं और उनके उज्वल भविष्य की कामना करता हूं

## तमाड़ में एक ही व्यक्ति डकार रहा था 112 महिलाओं की राशि, गिरफ्तार

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में अब तक जो भी फर्जीवाड़ा हुआ है, उसमें एक बड़ा खुलासा हुआ है। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि तमाड़ प्रखंड के रहने वाले कार्तिक पातर के खाते में 112 महिलाओं के मंईयां सम्मान योजना के पैसे जा रहे थे। इस संबंध में तमाड़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूरी रकम बरामद कर ली गयी है। कार्तिक पातर का भाई प्रज्ञा केंद्र का संचालक है। मिली जानकारी के अनुसार कार्तिक पातर ने सभी महिलाओं का नाम अपने खाते में जोड़ दिया था, जिसके बाद सभी 112 महिलाओं की राशि उसके खाते में जा रही थी। पुलिस ने उसके भाई को भी इस मामले में घेरा है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# राष्ट्रहित के लिए गैर-जरूरी है भाषा पर छिड़ा विवाद

## ■ हिंदी विरोध की राजनीति से अपना ही नहीं, देश का भी नुकसान करेंगे स्टालिन

## ■ भाषा के बारे में विवाद का पैंतरा खड़ा करना दक्षिण के राज्यों की पुरानी चाल है

**आजाद सिपाही विशेष**

तमिलनाडु समेत कई गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा को लेकर जबरदस्त विरोध हो रहा है। तमिलनाडु सरकार ने हिंदी को लेकर ही प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने से मना कर दिया है। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने साफ कह दिया है कि वह इसे लागू नहीं होने देंगे। उनकी घोषणा पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए कहा है कि तब स्टालिन को अपने राज्य में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी तमिल में कराने की व्यवस्था करनी चाहिए। हिंदी पर यह विवाद राष्ट्रहित में नहीं है। सांस्कृतिक और भाषायी विविधताओं से भरे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में भाषा को लेकर विवाद वैसे तो कोई नयी बात नहीं है, लेकिन यह देश के व्यापक हित में भी नहीं है। देश में भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किया गया है। दिसंबर 1952 में लगभग 56 दिनों के आमरण अनशन के बाद मद्रास (अब आंध्र प्रदेश) के पोट्टि श्रीरामुलु 'अमरजीवी' ने दम तोड़ दिया था। वह भाषा के आधार पर एक अलग राज्य बनाये जाने की मांग कर रहे थे। उनकी मौत की वजह से तत्कालीन भारत में व्यापक हिंसा हुई और सरकार को राज्य पुनर्गठन आयोग बनाना पड़ा और अक्टूबर 1953 में भाषा (तेलुगू) के आधार पर देश के पहले राज्य आंध्र प्रदेश का निर्माण किया गया। हिंदी को लेकर अब केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच विवाद पैदा हो गया है। ताजा विवाद की जड़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सभी राज्यों में तीन भाषाएं पढ़ाये जाने की बात है। क्या है भाषा पर छिड़ा यह विवाद और क्या हो सकता है इसका परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

तमिलनाडु समेत कई गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा को लेकर जबरदस्त विरोध हो रहा है। तमिलनाडु सरकार ने हिंदी को लेकर ही प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने से मना कर दिया है। तमिलनाडु सरकार ने तो हिंदी की वजह से राज्य में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने से मना कर दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूलों में तीन भाषाएं पढ़ाने पर जारी इस बहस में छलक रहे हिंदी-द्वेष को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह हिंदी द्वेष गैर-हिंदी जन में ही नहीं, बल्कि हिंदी विभाग में पढ़ाने वाले कुछ प्रोफेसरों या कुछ हिंदी पत्रकारों के नजरिये पर भी हावी है। ऐसे हिंदी-द्वेषी बुद्धिजीवी यह भूल चुके हैं कि उनके लेखों और भाषणों से हिंदी भाषा के इतिहास की विकृत समझ जनता के सामने प्रस्तुत हो रही है, जिसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं।

### क्या है विवाद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में तीन भाषाएं पढ़ाये जाने की बात कही गयी है। इसके तहत पहली भाषा मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा, दूसरी भाषा गैर हिंदी राज्यों के लिए हिंदी या अंग्रेजी और हिंदी भाषी राज्यों के लिए अंग्रेजी या कोई दूसरी आधुनिक भारतीय भाषा और तीसरी भाषा के रूप में गैर हिंदी राज्यों में अंग्रेजी या एक आधुनिक भारतीय भाषा और हिंदी भाषी राज्यों में अंग्रेजी या एक आधुनिक भारतीय भाषा पढ़ाना अनिवार्य कर दिया गया है। आसान शब्दों में कहें, तो इसके तहत हिंदी, अंग्रेजी और संबंधित राज्य की क्षेत्रीय भाषा पढ़ाये जाने पर जोर दिया गया है, लेकिन किसी तरह की बाध्यता नहीं है। तमिलनाडु सरकार का कहना है कि केंद्र सरकार नयी शिक्षा नीति के जरिये गैर हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपना चाहती है। तमिलनाडु सरकार का तर्क है कि राज्य में 1968 से द्विभाषा नीति के तहत स्कूलों में तमिल और अंग्रेजी की शिक्षा पहले से ही दी जा रही है। इसीलिए तमिलनाडु समेत कई दक्षिण भारतीय राज्यों ने केंद्र सरकार पर शिक्षा के संस्कृतिकरण का आरोप लगाया है।

2019 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा जारी करने के दौरान भी दक्षिण भारतीय राज्यों ने इसका विरोध किया था। कोठारी आयोग की सिफारिश पर लागू पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 में त्रिभाषा सूत्र को अपनाया गया था, लेकिन इसे व्यापक पैमाने पर कभी लागू नहीं किया जा सका।





### दक्षिण भारत और हिंदी

दक्षिण भारत से हिंदी के विरोध का नाता आजादी से पहले ही जुड़ चुका था। 1938 में मद्रास प्रेसिडेंसी के लगभग 125 स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य भाषा के रूप में लागू करने के फैसले का बड़े पैमाने पर विरोध हुआ। अन्नादुरई के नेतृत्व में यह आंदोलन दो साल तक चला और ब्रिटिश सरकार ने अपना फैसला वापस ले लिया।

### तमिलनाडु को हो रहा नुकसान

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विरोध करने की वजह से तमिलनाडु को जारी की जाने वाली 500 करोड़ से ज्यादा की फंडिंग रोक दी है। नियमानुसार समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्यों को फंडिंग हासिल करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है।

इस अभियान के तहत केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलग-अलग श्रेणी के आधार पर फंडिंग मुहैया कराती है।

सामान्य राज्यों और विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों को 60 फीसदी फंडिंग और पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों को 90 फीसदी फंडिंग दी जाती है।

### तमिलनाडु के नेताओं का विरोध बेतुका

संविधान निर्माताओं की मूल परिकल्पना के अनुसार हर राज्य की एक राज्य-भाषा होनी थी और उस राज्य का सारा कामकाज और शिक्षण उसी भाषा में होना था और हिन्दी को इन राज्यों के बीच आपसी संवाद की भाषा बनना था। मगर संविधान निर्माताओं का यह सपना पूरा न हुआ और आज भी अंग्रेजी कई भारतीय राज्यों के बीच संपर्क भाषा है। हालाँकि अभी तक किसी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि अगर तमिलनाडु सरकार द्वारा केंद्र सरकार से अंग्रेजी में पत्राचार करने से तमिल भाषा समाप्त नहीं हुई है, तो फिर केंद्र से हिंदी में पत्राचार करने से तमिल कैसे खत्म हो जायेगी। अब जब केंद्र सरकार ने तीसरी भाषा को पूर्णतः वैकल्पिक बना दिया है, तो फिर हिंदी के नाम पर त्रिभाषा नीति का विरोध करने का क्या तुक है।

### क्या बोले एमके स्टालिन

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन हिंदी थोपने और परिसीमन अभ्यास को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने केंद्र पर गैर हिंदी भाषीय राज्यों पर जबरन हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी सवाल खड़े किये। स्टालिन ने कहा कि नयी शिक्षा नीति में तीन भाषाओं का फॉर्मूला राज्य में हंसी का पात्र बन गया है। उन्होंने कहा, इतिहास स्पष्ट है। जिन्होंने तमिलनाडु पर हिंदी थोपने की कोशिश की, वे या तो हार गये या बाद में उन्होंने अपना रुख बदल लिया। तमिलनाडु ब्रिटिश उपनिवेशवाद की जगह हिंदी उपनिवेशवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### अमित शाह ने स्टालिन को दिया करारा जवाब

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के सीएम को करारा जवाब देते हुए कहा, मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से ये अपील करना चाहता हूं कि वे जल्द से जल्द तमिल भाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में कदम उठायें। उन्होंने दावा कि स्टालिन ने इस मामले में पर्याप्त काम किया ही नहीं, जबकि केंद्र सरकार ने क्षेत्रीय भाषाओं को समायोजित करने के लिए भर्ती नीति में बदलाव किये हैं। शाह ने कहा, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि यूपीएससी अभ्यर्थी अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें। परीक्षा तमिल में भी दी जा सके।

इस पूरे विवाद की जड़ में दरअसल हिंदी विरोध की राजनीति है, जिसके बल पर स्टालिन जैसे नेता अपना राजनीतिक लक्ष्य हासिल करते हैं। लेकिन हकीकत यही है कि इस तरह के विवादों से अंततः देश का ही नुकसान होता है।

---

# चाइबासा में दिनदहाड़े बैंक में लूट, पिस्टल सटाकर डेढ़ लाख रुपये ले उड़े अपराधी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र में शनिवार को दिनदहाड़े लूटपाट की गयी। काउंटर में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये निकालकर अपराधी फरार हो गये। घटना चाइबासा के सदर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड की है। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक तरुण कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह केंद्र खोलने के बाद तीन लड़के वहां आये। एक के हाथ में पिस्टल थी। उन्होंने तरुण को पिस्टल सटाया और गल्ले में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये निकाल लिये। इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे वहां से भाग निकलने में कामयाब रहे। संचालक ने बताया कि लुटेरे वहां लगे सीसीटीवी और उनका मोबाइल तक साथ ले गये। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस तफ्तीश में जुट गयी है। वहीं, इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।




---

# सीता सोरेन प्रकरण : देवाशीष के माता-पिता ने बतायी साजिश

**सीएम हेमंत सोरेन से की सीआइडी जांच की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के जामा से पूर्व विधायक सीता सोरेन प्रकरण मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। इस मामले में पूर्व पीए देवाशीष घोष के माता-पिता ने सीता सोरेन पर उनके बेटे को फंसाने का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में देवाशीष के पिता मनोरंजन घोष ने बताया कि देवाशीष रांची के लोअर हटिया में परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने अपने बेटे को निर्दोष बताते हुए कहा कि उनके बेटे को फंसाया जा रहा है। देवाशीष के पास किसी भी प्रकार का कोई हथियार नहीं था।



पिता मनोरंजन घोष ने बताया कि देवाशीष सीता सोरेन की हर बात मानता था। चुनाव के समय वह अपनी जान लगाकर सीता सोरेन के साथ काम कर रहा था। लेकिन चुनाव हारने के बाद देवाशीष और सीता सोरेन के बीच हल्की-फुल्की नोक-झोंक हुआ करती थी। इसका कारण था कि सीता सोरेन की बड़ी बेटी देवाशीष घोष को चुनाव में हार मिलने पर जिम्मेदार ठहराया करती थी।

**निष्पक्ष जांच से सामने आयेगा सच : रीना घोष**

देवाशीष की मां रीना ने कहा कि अगर सीता सोरेन को पहले से पता था कि देवाशीष के पास गैरकानूनी हथियार है, तो फिर चेक क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अगर देवाशीष चाहता तो उनके घर पर ही उनकी जान ले सकता था। रीना घोष ने इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीआइडी जांच करने की मांग और अपील की है। रीना घोष ने कहा कि उनके बेटे को साजिश के तहत फंसाया गया है। अगर निष्पक्ष जांच होगी तो सच सामने आ जायेगा।

वहीं, देवाशीष घोष की मां रीना घोष ने भी इसे साजिश बताया। रीना घोष ने कहा कि चुनाव हारने के बाद से सीता सोरेन और उनकी बेटी उन्हें ताना मारती थी। यह बात देवाशीष ने अपनी मां रीना घोष को बतायी थी। इस पर रीना घोष ने देवाशीष को काम छोड़ने की सलाह दी। लेकिन देवाशीष घोष ने कहा कि अचानक काम छोड़ना ठीक नहीं है। रीना घोष ने बताया कि गुरुवार की सुबह सीता सोरेन ने फोन कर देवाशीष को अपने साथ धनबाद जाने को कहा। सीता सोरेन कॉल कर देवाशीष को कहती हैं कि ड्राइवर की तबीयत खराब है। इसीलिए देवाशीष अपनी गाड़ी से सीता सोरेन को धनबाद लेकर जाता है।

---

# मणिपुर में 'फ्री ट्रैफिक मूवमेंट' के पहले दिन हिंसा

**एक की मौत, 16 घायल**

**कुकी समुदाय के लोगों ने बसें रोकीं, सुरक्षाबलों ने आंसू गैस छोड़ी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मणिपुर।** मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब दो साल बाद 'फ्री ट्रैफिक मूवमेंट' शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सड़कों पर पत्थर बिछा दिये। सड़कों पर पेड़ काट कर गिरा दिये। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर सड़कें रोक दीं। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे लोगों को रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की।



सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि 16 गंभीर रूप से घायल हैं। जगह-जगह सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

बताते चलें कि गृह मंत्री अमित शाह ने 1 मार्च को मणिपुर के हालात पर गृह मंत्रालय में समीक्षा बैठक की थी। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा था। साथ ही सड़कें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। मणिपुर के मुख्य सचिव पीके सिंह ने कहा कि राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हम सभी प्रयास कर रहे हैं।

---

# मिशन यूपीएससी आदिवासी छात्रों के साथ क्रूर मजाक, इसमें कई खामियां: अजय साह

**भाजपा ने झारखंड सरकार की योजना पर उठाये सवाल, चयन प्रक्रिया को बताया अनुचित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गयी मिशन यूपीएससी योजना को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। भाजपा ने इस योजना की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे अव्यवहारिक और अनुचित बताया है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने एक प्रेस वार्ता में इस योजना को लेकर कड़ी आलोचना की और इसे आदिवासी छात्रों के साथ क्रूर मजाक करार दिया। झारखंड सरकार ने इस योजना के तहत राज्य के 100 आदिवासी छात्रों को दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग के लिए 80,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। सरकार का उद्देश्य आदिवासी छात्रों को सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग देना है, लेकिन चयन प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।



**भाजपा का तर्क :** अजय साह ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जो छात्र पहले ही यूपीएससी प्रीलिम्स और मेंस जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर चुके हैं, उन्हें कोचिंग के लिए आर्थिक सहायता देने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने इसे पीएचडी धारकों को स्कूली छात्रवृत्ति देने जैसा बताया। उनका मानना है कि यह योजना उन छात्रों की अनदेखी कर रही है, जो वास्तव में आर्थिक सहायता से अपनी तैयारी को मजबूत कर सकते थे।

**सरकार से पुनर्विचार की अपील :** भाजपा ने झारखंड सरकार से आग्रह किया है कि मिशन यूपीएससी के लाभार्थियों की सूची को खुली प्रतियोगिता या ग्रेजुएशन अंकों के आधार पर तैयार किया जाये। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि योजना का लाभ उन आदिवासी छात्रों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.1 °c | 13.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.55 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.04 बजे |







'बाहा पर्व' के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को जमशेदपुर में सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को सम्मानित किया।

### झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 का समापन

# जीवन में खेलकूद की बड़ी अहमियत है: हेमंत सोरेन

**गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल और परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती हैं। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।



**मुख्यमंत्री ने विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आइजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**खेलकूद से मनोबल बढ़ता है**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक ने महिलाओं को दी शुभकामनाएं

# महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा : कल्पना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न महिला समूहों की सदस्य कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विधायक कल्पना सोरेन से मिलीं। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी मांगों एवं भावनाओं को ज्ञापन के माध्यम से सुना।



विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही महिलाओं के बैंक खातों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी जायेगी।

विधायक ने कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है।

इस मौके पर उपस्थित विभिन्न समूह की महिलाओं ने भी विधायक कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया। महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से यहां की नारी शक्ति के कल्याणार्थ किये जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं। झारखंड की महिलाओं के प्रति राज्य सरकार का संवेदनशील और कृत संकल्पित प्रयास देशभर में अनुकरणीय बना है।

मौके पर उपस्थित महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक अमित महतो भी उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी-व्यापार में उन्नति।
- **वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी,किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा
- **मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण,धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **सिंह** रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आशंका।
- **कन्या** नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना।
- **वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा.
- **धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय, मन प्रसन्न रहेगा।
- **मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह आज



रांची (आजाद सिपाही)। 9 मार्च को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम पिस्कामोड़ स्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर रखा गया है। इस अवसर पर होली का रंगारंग कार्यक्रम, रंगारंग सांस्कृतिक सहित भजनों के आनंद संग होली के गीत सहित हास्य कविताओं का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की गया है।

# मुखिया संघ के प्रतिनिधियों ने रक्षा राज्यमंत्री से की मुलाकात

**ब्लॉक में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव के नेतृत्व में कांके के जिला परिषद प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया और उप मुखियाओं ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज करायीं। मंत्री संजय सेठ ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस बैठक में प्रदेश मुखिया संघ अध्यक्ष सोमा उरांव, जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, मुखिया गुरुचरण मुंडा (चंदवे), साधो उरांव (नेवरी), पूनम देवी (मनातू), राहुल मुंडा (केदल), उज्जवल पहान (कोकदोरो), राम लखन मुंडा (सुकुरहुटू), फूलमणि नाग (गागी), कुशल मुंडा (मेसरा पूर्वी), लक्ष्मी देवी (चुट्टू), रजनी देवी (हुंडूर), सुशीला देवी (मेसरा पश्चिमी) और पंचायत समिति सदस्य संदीप पहान (नेवरी) शामिल थे। मंत्री ने कहा कि ब्लॉक में फैले भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय समस्याओं का जल्द समाधान किया जायेगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से जनता के हक के लिए एकजुट होकर काम करने का आग्रह किया।



# राज्यपाल से मिला लोक जन विकास मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

### आदिवासियों के लिए सरना कोड लागू करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक जन विकास मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने 21 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से आदिवासियों के लिए सरना कोड लागू करने की मांग, रोजगार, मौलिक अधिकार, बच्चों को सामान शिक्षा, एक बोर्ड एक शिक्षा, बाल श्रम मुक्त, बुनकरो, दस्तकारों, हुनरमंदों और विभिन्न उद्यमियों का संरक्षित, देश में प्रखंड स्तर पर प्रेस क्लब का निर्माण, देश में सामाजिक संस्थानों द्वारा सरकारी पैसों से किये जा रहे कार्यों की जमीनी स्तर पर जांच, कोयला हेड ऑफिस झारखंड में, कृषि उद्योग-पोल्ट्री, डेरी, मछली पालन, पशुपालन को प्रोत्साहन, कृषकों को स्वयं सहायता समुह गठित कर सरकारी एवं बैंकिंग सुविधा, महिलाओं के कल्याण और उत्थान के लिए प्रभावी योजना, खनिजों की नयी दर और रॉयल्टी, शैक्षिक स्तर पर उन्नयन और तकनीकी शिक्षा व्यवसाय, झारखंड के 60% विस्थापितों और वंचितों को उनका मौलिक अधिकार, देश और झारखंड के शहीद स्थलों को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की गयी है।



प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर लोहरा, प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष अधिवक्ता निशा कुमारी लोहरा, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कुमार मुंडा, रांची महानगर अध्यक्ष चंदन पाहन, रांची महानगर महासचिव गीता लकड़ा शामिल थे।

### मांडर कॉलेज मैदान में प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह का आयोजन

# संगठित होकर अन्याय के खिलाफ लड़ें महिलाएं : शिल्पी नेहा तिर्की

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं से अन्याय न सहने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** मांडर कॉलेज मैदान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज एक बार फिर आधी आबादी ने अपनी ताकत का अहसास कराया। प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अन्याय और अत्याचार को चुपचाप सहने और देखने को भी अन्याय की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि आज आधुनिक भारत की महिलाएं अब घर की चौखट को लांघ कर अपने हक-अधिकार और खुद पर हो रहे जुल्म के खिलाफ लड़ने को तैयार हैं। आज जरूरत है कि महिलाएं एक दूसरे की ताकत बनें और जरूरत पड़ने पर संगठित हो कर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयार रहें। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में हमेशा से महिलाओं की भागीदारी ने चौंकाया है। कई महिलाएं हैं जो गांव-पंचायत में बेहतर काम कर रही हैं। ऐसी महिलाओं का सम्मान जरूरी है। आज समाज में 80 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं अपना योगदान दे रही हैं। मैंने अच्छा काम करने वाली महिला अधिकारियों को भी सबसे ज्यादा महत्व दिया है। यही वजह है कि चान्हो/लापुंग / बेड़ो प्रखंड कार्यालय में महिला अधिकारी काम करती हुई दिख जायेंगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि होली से पहले मिलने जा रही है। सम्मान राशि 2500 रुपये का निवेश बेहतर तरीके से करें और लखपति दीदी कैसे बनें उस पर जोर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जिस भी योजना की जरूरत है विभाग का दरवाजा सदैव खुला है।



**संघर्ष और जीत की प्रतीक हैं महिलाएं : के राजू**

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने अपने संबोधन में महिला को संघर्ष-जीत और आकांक्षा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने झारखंड के गांव में आकर महिला समूह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने शराब के खिलाफ सबसे पहले लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया था। शराबबंदी के नाम पर सबसे पहले महिलाओं की गोलबंदी हुई। उस वक्त वो खुद उस जिला के अधिकारी थे। एक गांव से शुरू हुए शराबबंदी आंदोलन से प्रभावित हो कर एक हजार के करीब गांवों में शराब पीने पर पाबंदी लग गयी। महिला समूह की हर माह बैठक होनी जरूरी है। झारखंड में 2500 रुपये महिला सम्मान के तौर पर मिल रहा है। इस राशि का उपयोग बेहतर तरीके से करें। राशि का बचत कर अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा और परिवार के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं।

**परिवार के साथ समाज की जिम्मेदारी भी महिलाओं के कंधों पर : बंधु तिर्की**

पूर्व मंत्री सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि हर साल ये सम्मान महिलाओं को देने का काम करते है। घर की चौखट से बाहर निकल कर अलग-अलग क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं को मैं सलाम करता हूं। परिवार के साथ समाज को आगे बढ़ाने के लिए कंधा से कंधा मिला कर चलने की जरूरत है। सब मिलकर बेहतर गांव बेहतर पंचायत का निर्माण कर सकते हैं। प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज लक्ष्मी नारायण मांझी , अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लवली चौबे भी मुख्य रूप से शामिल थीं। इस मौके पर महिला समूह की भूमिका , समाज में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार सहित सामाजिक कुरीतियों पर आधारित नाटक की प्रस्तुति भी की गयी।

**कांग्रेस ने महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिया : डिसूजा**

महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने कहा कि आज जो मंच के नीचे भीड़ में बैठी हुई महिला हैं वो कल इस मंच पर होंगी। वो अपने काम की बदौलत ये मुकाम हासिल कर सकती हैं। उन्होंने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के पिता बंधु तिर्की को प्राउड फादर के नाम से संबोधित किया। कांग्रेस ने महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिया है। पहले लोग कहते थे कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से किसको लाभ मिलेगा। आज राजनीति के मैदान में महिलाओं की उपस्थित उसका जवाब है। उन्होंने कहा कि महिलाएं मल्टी टास्किंग होती हैं। एक महिला दूसरी महिला को सम्मान देते हुए आगे बढ़े, ये आज की जरूरत है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि आज महिलाओं के लिए शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक दखलंदाजी जरूरी है। झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे से 4 मंत्री में से 2 महिला मंत्री हैं।

# हजारीबाग- कोडरमा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



## वीएनआर कंपनी ने महिलाओं को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर टाटीझरिया ब्लॉक के अमनारी (करमाटांड) गांव में एक संगोष्टी आयोजित की गयी। जिसमें कृषि के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को सराहा गया। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता में भी भाग लिया। साथ-ही-साथ किसानों के बेहतर अजान उपज देने वाले धान वीएनआर के धान बीज-विएनआर 2318, वीएनआर 2228, वीएनआर 2111 पावर के बारे में बताया गया। इस मौके पर उपस्थित वीएनआर कंपनी के प्रतिनिधि विकास कुमार (टीबीएम) और मुकेश कुमार उपस्थित थे। मौके पर पियासी देवी, उपेन्द्र पांडेय, महेश अग्रवाल, दीपू अग्रवाल, कालेश्वर कुमार, किशोर बर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कोडरमा में विविध आयोजन




### विधायक डॉ नीरा यादव ने मातृशक्ति को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुरक्षा, समानता और न्यायपूर्ण समाज की रचना के लिए कोडरमा के विभिन्न इलाकों में कई आयोजन हुए। लोकाई में कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के आयोजन में विधायक डॉ नीरा यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने मातृशक्ति को बधाई देते हुए कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कोडरमा के लखीबागी स्थित वसुंधरा गार्डेन में सृजन महिला विकास मंच ने भी कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें भी विधायक डॉ नीरा यादव शामिल हुईं।

## महिला दिवस पर बीएड कॉलेज में सम्मान समारोह




विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विष्णुगढ़ शीतल उषा किरण कंडेर और प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी ने दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। सहिया सुपरवाइजर अंजू देवी, कविता देवी, पिंकी देवी, और मीना देवी सभी अतिथियों को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि महिलाओं का व्यवहारिक आचरण और संस्कार का गुणी होना समाज के हितकर है। प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों की अद्वितीयता के प्रति सम्मान जरूरी है। मौके पर आईक्यूऐसी कॉर्डिनेटर और एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, डॉ ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशिभूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कु दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पुनम हेमब्रम, प्रकाश कुमार, आजाद, नाजरा, सुनीता, बीएड और डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## सतगावां में अबीर गुलाल लगाकर दी एक-दूसरे को बधाई

कोडरमा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम रजघटी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बासोडीह की मुखिया अनीता देवी उपस्थिति रही। संस्थान के कार्यकारीनी समिति सदस्य जोसफिन एक्का ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रभारी निर्भय कुल ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है तो सभी क्षेत्र में आधा अधिकार भी महिलाओं का होना चाहिए।

## मार्खम कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मना महिला दिवस



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। स्थानीय मार्खम कॉलेज के आर्यभट्ट सभा कक्ष में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ संध्या प्रेम ने महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की नारी आत्मनिर्भर और सशक्त है। हमें समाज में समानता और न्याय की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो संतोष रविदास समेत शिक्षकों में डॉ अमृता एक्का, प्रो आकांक्षा एक्का, डॉ शालिनी कुमारी, डॉ लाडली कुमारी, डॉ सिंधु केर-केट्टा,प्रो आरती कुमारी, प्रो अंतरा गुप्ता, प्रो मर्सी अंजना तिर्की, प्रो अनुभा स्टेफी तिर्की समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मना महिला दिवस




कोडरमा (आजाद सिपाही)। राज इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देश की उन महिलाओं को याद करके मनाया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है। प्रिंसिपल राहुल घोष ने सभी विद्यालय की महिला शिक्षक को संबोधित करते हुए कहा की महिला दिवस हर दिन मनाया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाएं हर दिन समाज के विकास में योगदान देती हैं। यह पंक्ति नारी के अद्वितीय महत्व और शक्ति को दर्शाती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र और कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला दिवस समारोह आयोजित




झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। तनिष्क ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया, जिसमें महिला सशक्तिकरण और समावेश की भावना को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर तनिष्क के फ्रेंचाइज्जी ऑनर संतोष फोगला और हर्ष जलान ने अपनी उपस्थिति से समारोह को सम्मानित किया। तिलैया थाना की एसआई मेनका बिरुली जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं और महिलाओं को संबोधित किया। हर्ष जलान से बात करते हुए उन्होंने बताया कि तनिष्क स्टोर के खुल जाने से झुमरीतिलैया और आसपास के लोग काफी खुश हैं। उन्हें अब अपने शहर में ही विश्वस्तरीय ज्वेलरी की सुविधा मिल रही है, जिससे वे अपने त्योहारों और विशेष अवसरों को और भी खास बना सकते हैं। अभी तनिष्क की तरफ से शगुन ऑफर में 20प्रतिशत तक की बनवाई सुल्क में छूट मिल रही है। इसके साथ ही, ग्राहकों को अपने पुराने गहनों के बदले नये गहने खरीदने का मौका भी मिल रहा है।

## महिला दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दूधमटिया में महिला संघ टाटीझरिया प्रखंड के द्वारा नौवीं वार्षिक महाधिवेशन का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव, पंसस पिंगला देवी, कैलाशपति सिंह, राजू यादव, महेश अग्रवाल, सुरेंद्र प्रसाद, शिल्पी कुमारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मंच का संचालन पूनम कुमारी और रूबी देवी के द्वारा किया गया। इस दौरान क्षेत्र से पहुंची महिला समूहों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गयी। इसके अलावा महिलाओं के उत्थान और संघ में उनकी क्रियाकलापों पर चर्चा की गयी। इस आयोजन में टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र की महिला समूह से जुडी सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गायन और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर आधारित नुक्कड़-नाटक किया गया। अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलायें सशक्त होगी तो समाज और देश आगे बढ़ेगा। हर क्षेत्र में महिलायें अपनी प्रतिभा का लौहा मनवा रही है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, शिक्षा, सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ लिया गया और नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर पंचायत सचिव अनिता कुमारी, अनिशा परवीन, कबूतरी देवी, मंजू देवी, संगीता, सुषमा, रीता, ममता, सविता, यशोदा, रुबीना, उषा, कविता, फरहा नाज, संजना, विपिन कुमार, सौरभ, पूनम, हर्षा, भारतेंदु, रीना, संगीता, विनीता, गीता, मीणा, हेमंती, जयंती, सोनम, जोगनी देवी, ललिता देवी समेत बड़ी संख्या में टाटीझरिया प्रखंड और चुरचू महिला संघ की सदस्य मौजूद रहे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में मना महिला दिवस



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बी.एम. मेमोरियल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निदेशक संदीप कुशवाहा के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
सर्वप्रथम विद्यालय के सभी महिला शिक्षकों को बुके और टॉफी देकर सम्मान दिया गया सम्मान दिया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि हमें सभी महिलाओं को सम्मान करना चाहिए क्योंकि इन्हीं महिलाओं के त्याग और बलिदान से संसार चल रहा है। वहीं मौके पर विद्यालय के सभी महिला शिक्षिकाओं ने एक स्वर में कहा कि हम महिला किसी से काम नहीं है हम सभी ग्रामीण महिलाओं को भी आगे आकर अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे आकर लड़ना होगा। आगे उन्होंने कहा कि हम सभी महिलाएं सभी क्षेत्र में अव्वल हैं इसलिए सभी महिलाएं अपने आप को कमजोर ना समझे हम कोमल हैं कमजोर नहीं। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार उप प्राचार्य पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, एरिका टोप्पो मनीषा कुमारी, देवंती देवी, अंजली मिश्रा, स्नेहा कुमारी, मनीषा कुमारी, अनु कुमारी, सुमन कुमारी, अंजनी कुमारी, अफसाना खातून, अंजली देवी, गंगा भारती, संजू देवी, रंजीत कुमार, दिलेश्वर दास, आशीष यादव, आनंद पासवान, सुभाष प्रसाद, ऋषभ अग्रवाल, मुकेश दास, सोनू कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, सुमित कुमार, विकास ठाकुर, ओम कुमार, सचिन दोस्त, राजेश कुमार रवि सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

## एनटीपीसी पदाधिकारी की हत्या पर कांग्रेस नेता ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की नृशंस हत्या के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह एक दुखद और गंभीर घटना है, लेकिन हमें न्याय प्रणाली और प्रशासन पर विश्वास रखना चाहिए। पुलिस पूरी तत्परता से जांच कर रही है, और मुझे भरोसा है कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी। उन्होंने आगे कहा, हम सरकार से मांग करते हैं कि औद्योगिक क्षेत्र और वहां कार्यरत अधिकारियों की सुरक्षा को मजबूत किया जायें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। मैं खुद इस मुद्दे पर लगातार प्रशासन से संपर्क में हूं और न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

## झारखंड की कानून व्यवस्था हो गयी है चौपट : रोशन लाल चौधरी



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव हजारीबाग रोड के चौक के पास शनिवार सुबह लगभग 9 :30 बजे दिनदहाड़े एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव को अपराधियों गोली मारकर हत्या कर दी जिसको लेकर बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए झारखंड सरकार और पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड में अपराधी खुलेआम दिनदहाड़े घटना को अनजाम दे रहे हैं और पुलिसिया व्यवस्था गहरी नींद में सो रहा है। हेमंत सरकार में ऐसा लग रहा है जैसे कोई सुरक्षित नहीं है और बस यहां अपराधियों का राज चल रहा है आए दिन कभी हजारीबाग, बड़कागांव, रामगढ़ तो कभी रांची सहित कई जगहों पर दिनदहाड़े अपराधी घटना को अंजाम दे रहे हैं। आगे उन्होंने हजारीबाग पुलिस को कहा है कि जल्द से जल्द ऐसे अपराधी को नकेल कसने का काम करें क्योंकि इससे आम जनमानस में डर का माहौल है। ऐसे अपराधिक घटनाओं से साफ पता चलता है कि हेमंत सरकार लोगों की सुरक्षा देने में असफल है।

## झुमरीतिलैया बाइपास में हाइवा पलटा, सड़क जाम

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तिलैया थाना क्षेत्र के एनएच 20 पर रामगढ़ से झुमरीतिलैया आ रही एक हाइवा झुमरीतिलैया बाईपास के रेलवे ओवर ब्रिज पर अनियन्त्रित होकर पलट गयी। जिसमें हाइवा चालक को हल्की चोटें आईं। घटना को लेकर चालक संजय पटेल (सोनभद्र, उत्तर प्रदेश निवासी) ने बताया कि वह उक्त हाइवा (यूपी 64 बी टी 8193) को रामगढ़ से झुमरीतिलैया किसी निजी फैक्ट्री से कोयले के डस्ट को लोड करने जा रहा था। इसी बीच झुमरीतिलैया के रेलवे ओवर ब्रिज के पाया एक वाहन उससे ओवरटेक करने के चक्कर में हाइवा के सामने आ गयी। जिसे बचाने के चक्कर में हाइवा असंतुलित हो गयी और रेलवे ब्रिज पर बने डिवाइडर से टकरा गयी। जिससे वाहन बीच सड़क पर पलट गयी और हाइवा का अगला हिस्सा ब्रिज के नीचे झूलने लगा। चालक किसी प्रकार से केबिन से बाहर निकला और अपनी जान बचा पाया। इधर हाइवा के पलटने से एनएच 20 पर जाम भी लग गया। घटना की सूचना पाकर तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को इलाज हेतु अस्पातल भेजते हुए सड़क पर लगे जाम को हटाते हुए रुट को डाइवर्ट किया गया। इधर पुलिस ने क्रेन को बुलाकर सड़क पर गिरे हाइवा को उठाया।

## डीजीएम की हत्या से अधिकारियों में दहशत



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** एनटीपीसी की केरेडारी परियोजना के कार्यालय में कार्यरत डीजीएम कुमार गौरव की हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है व कंपनी में कार्यरत अन्य अधिकारीयों में भी दहशत व्याप्त है। अज्ञात अपराधियों ने कटकमदाग प्रखंड फतहा के समीप शनिवार की सुबह साढ़े 9 बजे के करीब एनटीपीसी के अधिकारी डीजीएम कुमार गौरव पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में उन्हें हजारीबाग स्थित एचजेडबि आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे केरेडारी स्थित कार्यालय के लिए निकले थे। एक अधिकारी की निर्मम हत्या से अन्य अधिकारियों में दहशत व्याप्त है और क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। विदित हो कि एनटीपीसी की दो केरेडारी और चट्टी बरियातू में कोयला खनन परियोजना में उत्खनन का कार्य होता है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** थाना और गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना बीते शाम लगभग छह बजे घंघरी स्थित जीटी रोड मुखिया होटल के समीप घटी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सकरेज निवासी 19 वर्षीय अरुण कुमार दास पिता इंद्रदेव रविदास अपने बाइक से घंघरी बाजार जा रहा था। इसी क्रम में एक कोयला लदा बारह चक्का ट्रक अपने चपेट में ले लिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर बरकट्ठा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल बरही भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना गोरहर थाना क्षेत्र के लेवडा जमुआ स्थित सरकारी विद्यालय के पास बरकट्ठा परसाबाद रोड पर शनिवार को लगभग नौ बजे घटी जब बाइक सवार 18 वर्षीय अविनाश कुमार पिता रोहित दास और 19 वर्षीय मोहित कुमार पिता विनोद दास गोहाल जयनगर निवासी तुईयो से अपने घर गोहाल जयनगर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे अविनाश कुमार की घटनास्थल ही मौत हो गयी जबकि मोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सुचना पाते ही गोरहर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घायल युवक का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किये जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

## सलइडीह के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में रामचरितमानस कथा का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** इंदरवा पंचायत के ग्राम सलईडीह में संयुक्त समाज सलईडीह के द्वारा आयोजन किया गया। शिव और हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का भव्य महायज्ञ का छठवां दिन के रामचरितमानस कथा का शुभारंभ मुख्य रुप से उपस्थित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, समाज सेवी यमुना यादव, पंचायत समिति सदस्य महेश यादव, शिक्षक बीरेंद्र शर्मा, ग्राम सलईडीह के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर चौधरी, यूपीएस के प्रधानाध्यापक सुशांत कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से पूजा आरती के साथ किया। वहीं अयोध्या से चल कर आई कथावाचिका पूजनीय देवी प्रेमा सखी के वचनों को सुनने हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। तत्पश्चात आरती के साथ रामलीला शुरू किया जाता है। इस महा यज्ञ में डिज्नीलैंड मेला, भंडारा का भी प्रत्येक दिन आयोजन दोपहर 1 बजे से रात 10 बजे सभी श्रद्धालु गण ग्रहण करते है। मंच संचालन यज्ञ अतिथि स्वागतकर्ता सतीश कुमार यादव, बैजनाथ यादव, राजेंद्र यादव ने किया। वहीं यज्ञ समिति अध्यक्ष सहदेव यादव, प्रकाश यादव, पूजा समिति सदस्य रीतलाल कुमार, कमल किशोर यादव, पूर्व मुख्य महेश यादव, गौरीशंकर कुमार, उमेश यादव, दीपू कुमार, पवन कुमार, संतोष कुमार, अजय कुमार, मनोज कुमार, संजय यादव, दिलीप कुमार, सुरेंद्र दास, विजय यादव, जितेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, मिथलेश कुमार, शिवशंकर यादव और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सांसद मनीष जायसवाल के जन्मदिन पर समर्थकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरीजों के बीच बांटा फल




**हजारीबाग (आजाद सिपाही संवाद सूत्र)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के जन्मदिन के शुभ अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह की पहल पर भाजपा कार्यकर्ताओं और सांसद समर्थकों द्वारा हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के शनिवार को बीच फल वितरण किया गया। फल वितरण के उपरांत बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थकों ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर विशेषरूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन, विवेक तिवारी, उदित तिवारी, कुल्तार सिंह, प्रणीत जैन, सिद्धांत कुमार उर्फ. सिद्धू, विशेषांक वर्मा, शिवपाल यादव, रूपम ओझा सहित कई अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गैर मजरुआ जमीन पर अवैध कब्जा के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया आवेदन



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इरगा पंचायत के ग्राम बड़वार के दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने प्रखंड अंचलधिकारी कार्यालय पहुंच कर अंचलाधिकारी राम बालक कुमार को गैर मजूरुआ जमीन पर अवैध कब्जा करने के खिलाफ आवेदन दिया। ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर बताया की ग्राम बड़वार मे खाता संख्या 74 प्लॉट संख्या 1018 कुल रकबा लगभग चार एकड़ जमीन गैर मजूरुआ है जिसपर गांव के हीं कुछ दबंग व्यक्ति श्याम लाल यादव, गणेश यादव, फूलचंद यादव, हुलास यादव सभी के पिता स्वर्गीय ईश्वर यादव ने अवैध कब्जा कर लिया है, और उक्त जमीन पर जे सि बी से कुंवा की खुदाई कर रहा है। ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने पर फर्जी कागजत दिखा कर हम सब ग्रामीणों को धमकी दिया जाता है की जो करना है कर लो हमलोगो के पास जमीन का कागजत है। ग्रामीणों के आवेदन पर अंचलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए राजस्व कर्मचारी रागिनी कच्छप को उक्त स्थल पर जा कर और कागजत की जांच करने को कहा।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक का यूनियन कार्यालय चट्टी बरियातू में हुई बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष कुलदीप साव और संचालन क्षेत्रीय सचिव कामेश्वर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के महामंत्री सतीश सिंह उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि यूनियन के तरफ से विगत 5 फरवरी को 15 सूत्री मांग को लेकर एनटीपीसी ऋत्विक कोल माइंस के गेट के सामने धरना दिया गया था।

## महिला दिवस पर सेविकाओं ने ली शपथ



**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मांडू में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को बाल विकास परियोजना के द्वारा शपथ समारोह का आयोजन किया गया। शपथ समारोह में सीडीपीओ शैलबाला ने उपस्थित सेविकाओं और महिलाओं को अपने पोषण क्षेत्र में सभी महिलाओं के सशक्तिकरण और समान अवसरों को प्रदान करने हेतु अपने दायित्वों का निर्माण करने, महिलाओं के संपूर्ण विकास हेतु उनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सभी सेवा करने, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, स्कूल ड्रॉप आउट, महिलाओं के प्रति हिंसा और तस्करी और दहेज प्रथा के रोकथाम के लिए जन जागरूकता और निराकरण हेतु अपना शत प्रतिशत योगदान देने की शपथ दिलायी। ताकि राज्य की सभी बेटियां संबल और समर्थ रूप से सशक्त नारी के रूप में आगे बढ़ती रहे। मौके पर महिला पर्यवेक्षक कृति सरिता मिंस, वहीदा रहमान, मीना कुमारी, अन्विता सिन्हा, विजय लक्ष्मी, आशा खातून, रेखा देवी, सुषमा देवी, मुन्नी देवी, ललिता देवी, पिंकी मुर्मू, प्रमिला देवी, दुखेश्वरी देवी, कल्याणी देवी, कुलेश्वरी देवी समेत कई महिलाएं मौजूद थी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पतरातू लेक रिसॉर्ट में महिलाओं की उमड़ी भीड़



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग राज्य की महिलाओं के सम्मान में एक विशेष पहल की। इसके तहत पतरातू लेक रिसॉर्ट पतरातू डैम में महिलाओं के लिए नि:शुल्क प्रवेश कराकर अच्छी पहल की शुरुआत की है। शनिवार को लेक रिसॉर्ट और पतरातू डैम में राज्य के विभिन्न जिलों व दूसरे राज्य के महिलाओं के साथ बच्चियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान महिलाओं ने लेक रिसॉर्ट में चिल्ड्रन पार्क में खूब भ्रमण किया। इसके आलावा डैम में नौका विहार करते महिलाओं ने पतरातू डैम में मौजूद साइबेरियन पक्षियों को देखकर खूब आनंद उठाया। इस बीच महिलाएं ने सेल्फी प्वाइंट में और साइबेरियन पक्षियों के साथ सेल्फी खिंचवाने के लिए खूब दिलचस्पी लिया। इस अवसर पर महिलाओं के सम्मान में पर्यटन विभाग ने लेक रिसॉर्ट पतरातू में एक दिनों के लिए निशुल्क प्रवेश कराकर वहां के मनोरम दृश्य और संस्कृति को जानने के लिए मौका दिया है इसके लिए लेक रिसॉर्ट और पतरातू डैम के मनोरम दृश्य को देखने पहुंची महिलाओं ने पतरातू लेक रिसॉर्ट की खूबसूरती का तारीफ करते हुए पर्यटक विभाग और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम




**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नवाजारा में शनिवार को संत अन्ना सोशल सर्विस सोसाइटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी शामिल हुई। विधायक का महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता ही सशक्त समाज की बुनियाद है। जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी, तो पूरा समाज प्रगति करेगा। हम सभी को मिलकर हर महिला को उसके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए कार्य करना होगा। कार्यक्रम में संस्था के ब्रदर, सिस्टर और फादर सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## हमें अपने जीवन में महिलाओं का सम्मान करना चाहिए : गणेश राम



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** शनिचरा बाजार स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्पलाई कोडिनेशन काउंसिल उरीमारी शाखा की ओर से भंडारा का आयोजन किया गय। जिसका नेतृत्व बरका सयाल एरिया के कार्यकारी अध्यक्ष सह वरीय ओवरमैन गणेश राम, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, सीतामुनि देवी, प्रतिमा दास कर रही थे। इस अवसर पर कोल इंडिया खेलकूद प्रतियोगिता में सीसीएल का झंडा ऊंचा करने में अपना अहम योगदान देने वाली सुनीता देवी, टुनिया देवी मुख्य रूप से उपस्थित होकर अपना योगदान दिया। बाजार में उपस्थित दूर दराज से आये सभी सब्जी विक्रेताओं, पत्तल /दोना,दातून विक्रेताओं और उपस्थित सभी जरूरत मंद लोगों के बीच भंडारा स्वरूप खिचड़ी बांटा गया। मौके पर गणेश राम राम ने कहा कि पूरे विश्व में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्वतंत्रता बढ़ाने पर केंद्रित करता है। हमें अपने जीवन में महिलाओं को सम्मान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विस्थापित और जन प्रतिनिधि और कौंसिल की महिलाओं में सोनी देवी, संगीता कुमारी, बेबी देवी, सुनीता देवी, प्रीति देवी, आसमान प्रवीण, रेनू देवी, शांति देवी, फुलमनी देवी, फूलमती देवी, रूसमुनि देवी, शारदा देवी, बिराजो देवी, कौशल्या देवी, कविता देवी, संगीता देवी, कांति देवी, सुनैना देवी, रणजीत करमाली, आशीष राम, सूरज कुमार, नूर आलम, सहित कई लोग मौजूद थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी गयी श्रद्धांजलि



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का आज जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया। सांसद कालीचरण सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि सुशासन के प्रणेता, ओजस्वी वक्ता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करता हूं। राजनीति में शुचिता के नए आयाम स्थापित करने वाले अटल जी के विचार और कार्य हम सभी को राज्य के नवनिर्माण और समाज कल्याण हेतु सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर विधायक जनार्दन पासवान तथा सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, प्रदीप सिंह, रजनीकांत सिन्हा, अक्षयवट पांडे समेत पार्टी के अनेक नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सांसद मनीष जायसवाल ने दिशा की बैठक में जिले के संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़क का एलाइनमेंट जांचने को कहा

# चुटूपालू घाटी में फोर लेन पर लाइट की व्यवस्था और ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** गर्मी के मौसम को देखते हुए हर घर जल नल योजना के तहत जिले के सभी पंचायत में सर्वे कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित कराये, पदाधिकारी सभी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर बंद पड़े नलकूप, जल मीनार, बोरिंग कार्य को जल्द ही दुरुस्त करायें। उक्त बातें शनिवार को जिला समाहरणालय के सभागार में आयोजित कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी (दिशा) की बैठक को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कही। उन्होंने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की विस्तार से जानकारी लिया। बैठक में रामगढ़ विधायक ममता देवी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, डीसी चंदन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित हुए।

**सामान्य डिलीवरी आदि का प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें:** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में सांसद के द्वारा सदर अस्पताल रामगढ़ सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने सामान्य डिलीवरी आदि का प्रचार प्रसार करने, नियमित टीकाकरण अभियान, ट्रॉमा सेंटर आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। योजनाबद्ध तरीके से जलापूर्ति योजनाओं की मरम्मती सुनिश्चित कराये।

बैठक में जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, समिति के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।



### विद्यालयों की दीवारों पर मध्याह्न भोजन का रोस्टर अंकित होना सुनिश्चित करायें

बैठक के दौरान सांसद के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट, पाठ्यपुस्तक वितरण, पोशाक डीबीटी आदि की जानकारी लेते हुए ससमय कार्यों को संचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मध्यान भोजन को लेकर विद्यालयों में निर्धारित रोस्टर का अनुपालन सुनिश्चित करने, सभी विद्यालयों की दीवारों पर मध्यायन भोजन का रोस्टर अंकित होना सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उनके द्वारा सेंट्रलाइज्ड किचन निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये। समेकित बाल विकास योजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने वर्तमान में सरकारी भवनों और निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली और योजनाबद्ध तरीके से आने वाले समय में निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को सरकारी भवनों में संचालित करने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

### जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत कर रोजगार से जोड़ें

जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा वर्तमान में जिले में संचालित सखी मंडलों और उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली गयी। मौके पर विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### विद्युत संबंधित योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा शाखा के कार्यों की समीक्षा

विद्युत संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद के द्वारा वर्तमान में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की मरररम्मति आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नए कनेक्शन के लिए प्राप्त आवेदनों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया। वहीं, सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी योग्य लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया।

### सड़क समस्याओं पर दें विशेष ध्यान

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों को लेकर जानकारी लेते हुए सांसद के द्वारा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क समस्याओं पर विशेष ध्यान देने, सड़क की स्थिति को देखते हुए सर्वे करने और सड़क निर्माण से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

## रामगढ़ भाजपा परिवार ने सांसद मनीष जायसवाल संग केक काट कर धूमधाम से मनाया उनका जन्मदिन



शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के रामगढ़ दौरे के दौरान उनके जन्मदिन को स्मरणीय बनाने के लिए रामगढ़ जिला भाजपा परिवार द्वारा रामगढ़ परिसदन सभागार में उनका जन्मदिन केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रामगढ़ जिला भाजपा परिवार के सदस्यों ने बड़े ही अपनत्व भरे भाव से सांसद मनीष जायसवाल का सामूहिक रूप से केक कटवाया गया और फि र उन्हें पुष्पगुच्छ, पुस्तक भेंटकर और अंग- वस्त्र ओढ़ाकर स्नेहपूर्ण बधाई और शुभकामनाएं दिया गया। भाजपा परिवार के लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल के लिए उत्तम स्वास्थ और दीर्घायु जीवन की ईश्वर से कामना भी किया । सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ भाजपा परिवार का इस आत्मीय स्नेह और प्रेम हरे उद्गार के लिए आभार जताया और धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों के अमूल्य आशीर्वाद, स्नेह और प्रेम से भावुक, आह्लादित हूं और आनंदित हूं।

## महिलाएं ही महिलाओं का शोषण करने में भूमिका निभाती हैं: शौर्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के राम नारायण मेमोरियल कॉलेज के सभागार में एन एस एस के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस पीओ डा० फहीम अहमद ने किया।इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए। स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन मोड में एन एस एस की महत्ता और विशेषता पर व्यापक रूप से समझाने का प्रयास किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर व्यापक रूप से प्रकाश डालते हुए कॉलेज के एनएसएस की स्वयंसेविका शौर्या कुमारी ने कहा कि अमेरिका और रूस में शुरू किया गया महिला दिवस आज पूरे विश्व में मनाया जाता है। इतना ही नहीं देश, प्रदेश में सरकार चलाकर अपनी राजनीतिक क्षमता को भी दुनिया के सामने सफलता पूर्वक पेश करती चली आ रही है। आज महिलाएं फौज की कमांडिंग कर रही हैं देश की सुरक्षा में भी अग्रिम भूमिका में नजर आ रही हैं। महिलाओं को अबला समझने वालों के समक्ष देश के बड़े प्रशासनिक पद को सुशोभित कर यह साबित कर दिया कि जिला राज्य और देश चलाने का अवसर मिला तो बेहतर साबित हुई है। जबकि मनमीत कौर ने महिला दिवस के स्थापना और उसके ऐतिहासिक पहलुओं पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। सभा को प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, सुहाना प्रवीण, कुसुम कली, प्रिय कुमारी ने संबोधित किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ऋतु राज, अमित कुमार, मनीष यादव, मो हसन, अलका कुमारी, अनु कुमारी, कुम कुम, जितनी ने महती भूमिका निभायी।

## जिंदल स्टील एंड पावर में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** जिंदल स्टील एंड पॉवर पतरातू में शनिवार को पूरे धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के देखरेख मे जिंदल क्लब व प्लांट में कार्यरत महिलाओं के मान-सम्मान, समाजिक और आर्थिक क्षेत्र में उनकी तरक्की के जश्न में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिंदल महिला क्लब की अध्यक्षा गुरदीप कौर ने कहा कि महिलाएं समाज की मजबूत आधारशिला हैं। महिलाओं के बिना समाज की प्रगति अधूरी है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने और हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित करने के लिए प्रेरित किया। इधर अपने संबोधन में जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि ह्यमहिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज की उन्नति के लिए एक आवश्यक पहल है। महिलाओं को समान अवसर, शिक्षा और सम्मान मिलना चाहिए। ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणादायक भाषण से सबों का मन मोह लिया। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को प्रेरित करना और उनके योगदान को पहचान दिलाना है। कार्यक्रम में प्लांट में कार्यरत महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## जलसहिया ने मनाया महिला दिवस



**लावालौंग/चतरा (आजाद सिपाही)।** लावालौंग पंचायत सचिवालय के सभागार में जल सहिया द्वारा महिला दिवस मनाया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव के जलसहिया उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन कर रही मास्टर जलसहिया शोभा देवी ने कहा कि महिला जागरूक हो गयी है। महिलाएं किसी से कम नहीं है। हर क्षेत्र में महिला बढ़ चढ़कर कर हिस्सा ले रहीं है। चाहे वो शिक्षा हो, स्वच्छता हो, सरकारी व गैर सरकारी संस्थान हो। सभी क्षेत्रों में महिलाएं आगे आ रहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वच्छता के बारे में जिन महिलाएं को जानकारी का अभाव है, उन्हें हम सब ग्राम सभा आयोजन कर बताने का काम करेंगे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन ने मनाया महिला दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** हर महिला की सफलता समाज के लिए प्रेरणा बनती है। नारी कोमल है, लेकिन उसकी शक्ति अटूट है। नारी ही शक्ति है, नारी ही सृजन है, नारी के बिना ये जग अधूरा है। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति शनिवार को बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला जो भी सपने देखती है, उसे पूरा करके इतिहास रचती है। महिलाएं आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। कला से लेकर खेल, बिजनेस और साइंस से लेकर टेक्नोलॉजी तक हर क्षेत्र में महिलाएं कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। उन्होंने सभी सदस्यो को महिला दिवस की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इधर, उन्होंने बताया कि आने वाले समय में महिलाओं पर होने वाला प्रताड़ना को लेकर भी उज्जवला फाउंडेशन द्वारा अभियान चलाया जायेगा। वही, मुख्य रूप से शामिल भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप माना गया है, और आज की नारी घर की जिम्मेदारियों से लेकर हर क्षेत्र में देश की प्रगति में योगदान दे रही है। इस विशेष दिन पर हम उन सभी महिलाओं को सलाम करते हैं, जिन्होंने अपने साहस, समर्पण और मेहनत से समाज में एक मिसाल कायम की है। इससे पूर्व, जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वही, बचत राशि के साथ होली को लेकर खाद्य सामग्री का वितरण किया। मौके पर भाजपा नेता जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, प्रखंड महामंत्री डिंपल प्रजापति, आशा कुमारी, सुमन देवी, शांति देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, रीना देवी, सुनीता कुमारी, अंजू देवी, छोटन प्रजापति सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल रहे।

# व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लोक अदालत में 8853 मामले निष्पादित, 8.68 करोड़ समझौता राशि तय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** झालसा के निर्देश पर रामगढ़ व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस लोक अदालत में 8853 मामलों का निष्पादन सुलह के आधार पर किया गया। इन वादों के निष्पादन के लिए समझौता राशि 8 करोड़ 68 लाख 22 हजार 445 रुपये तय की गयी। पक्षकारों के सुविधा के लिए 6 बैंचों का गठन किया गया था। जिसमें सभी क्रिमीनल सुलहनीय बाद, भू अधिग्रहरण वाद कॅन्टोनमेंट बोर्ड संबंधित मामले, बिजली अधिनियम वाद, क्रिमीनल रिविजन और अपील, मोटर व्हीकल क्लेम वाद, सर्टिफिकेट वाद, फोरेस्ट और एक्साइज केस, एन आइ एक्ट वाद, पारिवारिक आय, इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन वाद जैसे बैंक, दुरभाष संबंधित वाद, कंज्युमर फोरम वाद, अनुंडलीय कोर्ट से संबंधित वाद आदि का दोनों पक्षों की आपसी सहमती के आधार पर वादों का निस्पादन हुआ। कुटुम्ब न्यायालय रामगढ़ में कुल 49 पारिवारिक वादों का निस्पादन किया गया।

**6 बेंच बनाकर सभी पक्षकारों को सुना गया:** लोक अदालत में 6 बेंच बनाये गये थे। प्रथम बेंच के सदस्य संजय कुमार, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, आलोक सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अमरनाथ बांका, पैनल अधिवक्ता डालसा, द्वितीय बेंच के सदस्य कुसुम कुमारी, जिला और अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, संजीविता गुइन सीनियर सिविल जज और बीबी जाहिदा खातून, पैनल अधिवक्ता, डालसा, तृतीय बेंच के सदस्य मनोज कुमार राम, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, आयशा सिंह सरदार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी और मनीष कुमार, पैनल अधिवक्ता, डालसा, चतुर्थ बेंच के सदस्य संदीप कुमार बरतम, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रोहित कुमार, सिनियर सिविल जज श और शिवनाथ ठाकुर, पैनल अधिवक्ता, डालसा, पंचम बेंच के सदस्य प्रदीप कुमार चौरसिया, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, देवथान बैठा, सदस्य, स्थायी लोक अदालत और अरुण कुमार गुप्ता, सदस्य, स्थायी लोक अदालत, षष्ठ बेंच के सदस्य, शिव कुमार शुक्ला, अध्यक्ष कज्यूमर फोरम, कुमारी मीना सिंह, सदम्य कज्यूमर फोरम और जितेन्द्र कुमार, पैनल अधिवक्ता, डालसा शामिल थे। सभी पकारों को सुनने के बाद मामले का निष्पादन हुआ। इस दौरान कोर्ट में लंबित 1101 मामले के लिए 4 करोड़ 75 लाख 36 हजार 520 रुपए समझौता राशि तय की गयी। प्री लिटिगेशन और बैंको के 7752 मामलों का निष्पादन हुआ। जिसके लिए 3 करोड़ 92 लाख 85 हजार 925 समझौता राशि तय की गयी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 737 date 22.02.2025, I Chandni Thakur D/o. Adhikant Thakur, W/o. Sri Ved Prakash mishra, Aged About 34 Years, resident of Village shahdeo Nagar, Near Ram Mandir P.S. Pabdra (O.P) District - Ranchi. Jharkhand , Do Hereby Solemnly Affirm and Declare as Follows :
1. That I am indian citizen by birth. 2. That i have been married with bed Prakash Mishra. 3. That before my marriage i was know by my name Chandni Thakur but after / marriage I am know as chandani Mishra.
4. That Chandni Thakur and Chandni Mishra. Both Names is the Same and one person who know as Chandni Mishra.
5. That the Statement made abouve are correct and true, hance this affidavit.
sworn and signed on this the 22nd day of february, 2025 at Ranchi

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

ई-खुली निविदा संख्या:- एसजी-664-5-ई-धनबाद-2024-25

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है। **(i) कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के गड़वा रोड (GHD) - महदिया (MHDA) के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का प्रावधान। खण्ड (धनबाद मंडल)। चौबिस (24) महीना। **(ii) अनुमानित लागत:** रूपये 201,61,09,705.09 (मात्र दो सौ एक करोड़ इक्सठ लाख नौ हजार सात सौ पांच रूपये और नौ पैसे मात्र **(iii) अग्रधन जो जमा करना है:** अग्रधन राशि रूपये 1,00,00,000.00/- (मात्र एक करोड़ रूपये मात्र) **(iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय:** 08/04/2025 अपराह्न 12.00 तक एवं 08/04/2025 अपराह्न 12.30 बजे **(v) वेब साईट विवरण एवं कार्यालय का पता (निविदा से संबंधित अतिरिक्त जानकारी या अतिरिक्त दस्तावेजों के लिए:** वेब साईट www.ireps.gov.in कार्यालय का पता (1) कार्यालय- उप-मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/ द्वितीय तला, डी आर एम कार्यालय /पूर्व मध्य रेल, धनबाद, झारखण्ड- 826001 (2) कार्यालय- प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर, तृतीय तला, जी एम (एस० एण्ड टी०), प्रमुख प्रबन्धक कार्यालय न्यू बिलडिंग पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर, बिहार-844102

**उप-मुख्य मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य), पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/02264/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/24-25/40

# ग्रामीण इलाकों में पंचपति का रोग

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से आयी नवनिर्वाचित महिला पंचों की जगह उनके पतियों द्वारा शपथ ग्रहण किये जाने की खबर चिंताजनक इस मायने में भी है कि यह किसी तरह का आश्चर्य या विस्मय नहीं पैदा करती। आम तौर पर इसे इस रूप में लिया जा रहा है कि यह तो होता ही है। मामला खास इसलिए बना, क्योंकि इसका वीडियो वायरल हो गया। अगर वीडियो वायरल न हुआ होता, तो शायद ही यह घटना सुर्खियों में आती और किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई भी शायद ही होती।

**धूमधाम से हुआ कार्यक्रम :** यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि तीन मार्च को कबीरधाम जिले के परसवारा गांव में हुए इस कार्यक्रम के दौरान किसी भी संबंधित व्यक्ति को इसमें कुछ भी गलत नहीं लगा। किसी ने कुछ छुपाने की जरूरत नहीं महसूस की। धूमधाम से गुलाल लगाये और माला पहने इन पंच पतियों को शपथ दिलायी गयी। पूरे कार्यक्रम का न केवल वीडियो बनाया गया, बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी डाल दिया गया। वह तो जब वीडियो वायरल हुआ और मीडिया की पूछताछ शुरू हो गयी, तब स्पष्टीकरण लिये-दिये जाने लगे।

**छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में नवनिर्वाचित महिला पंचों की बजाय उनके पतियों द्वारा शपथ ग्रहण करने की घटना सामने आयी है। वीडियो वायरल होने से मामला उजागर हुआ। पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को**

**सामाजिक पिछड़ापन :** अगर इस गांव की सामाजिक और शैक्षिक स्थिति पर गौर करें, तो यह सब अस्वाभाविक भी नहीं लगता। 2011 की जनगणना के मुताबिक 320 परिवारों और 1545 की जनसंख्या वाले इस गांव में महिलाओं और पुरुषों का अनुपात प्रति हजार पर 936 है, जो राज्य के लिंगानुपात (969) के मुकाबले काफी कम है। साक्षरता दर जहां पुरुषों में 82.86% है, वहीं महिलाओं में यह महज 51.19% है।

**जुर्माने की सिफारिश :** 50% आरक्षण के प्रावधान की बदौलत पंचायतों में महिलाओं को नुमाइंदगी तो मिल रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी पंचायत स्तर पर कुल 32.29 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जिनमें 15.03 लाख महिलाएं हैं। 46.6% के इस अनुपात को बुरा नहीं कहा जायेगा। लेकिन व्यवहार में पितृसत्ता का साया इसे निरर्थक बना देता है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पंचायतों में महिलाओं की जगह उनके पति या अन्य रिश्तेदारों की भूमिका समाप्त करने के लिए समिति भी गठित की गयी थी। इस समिति की पिछले महीने आयी रिपोर्ट में ऐसे मामलों में भारी जुर्माना लगाने की सिफारिश की गयी।

**जागरूकता की जरूरत :** लेकिन यह मामला जटिल और संवेदनशील है। कड़ी सजा पर जोर का उलटा असर हो सकता है। वीडियो वायरल होने की वजह से परसवारा भले सुर्खियों में आ गया हो, यह ऐसा इकलौता गांव नहीं है। अन्य इलाकों से भी इस तरह की खबरें जब-तब सामने आती रहती हैं। ऐसे में कड़ी से कड़ी सजा की बजाय जागरूकता फैलाने पर जोर होना चाहिए। पंचायतों के कामकाज में महिलाओं की भागीदारी और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में प्रशासन की रचनात्मक भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। महिलाओं और पुरुषों के बीच समाज में जड़ें जमा चुकी असमानताओं को मिटाकर समानता लाने के उद्देश्य से महिला दिवस मनाया जाता है।**

# 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करेंगी महिलाएं

अन्नपूर्णा देवी



**आदिकाल** से ही भारत में महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है। हम 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः' का देश हैं। अर्थात 'जहां स्त्रियों का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं और जहां स्त्रियों का सम्मान नहीं होता है, वहां किये गये समस्त अच्छे कर्म भी निष्फल हो जाते हैं'। यह भाव, विचार और विश्वास भारतीय मानस में बसा हुआ है। 'शतपथ ब्राह्मण' में उल्लेख मिलता है कि श्रीराम के गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में संगीत व पर्यावरण- संरक्षण का शिक्षण उनकी महान विदुषी पत्नी अरुंधति ही देती थीं। ऋग्वेद में भी गार्गी, मैत्रेयी, घोषा, अपाला, लोपामुद्रा, रोमशां जैसी अनेक वेद मंत्रद्रष्टा ऋषिकाओं का उल्लेख मिलता है, जिनके ब्रह्मज्ञान से समूचा ऋषि समाज उल्लसित था, परंतु दुख का विषय है कि स्त्री-शिक्षा की इतनी गौरवपूर्ण और स्वर्णिम परिपाटी, परवर्ती काल में खासतौर से मध्ययुग में आक्रांताओं के शासनकाल और उसके बाद फिरंगियों की गुलामी के दौरान छिन्न-भिन्न होती चली गयी। आजादी के संघर्ष के दौरान और आजादी के बाद महिलाओं का समाज में पुनः कुछ सम्मान बढ़ा, लेकिन उनकी प्रगति की गति दशकों तक धीमी रही। गरीबी व निरक्षरता महिलाओं के सशक्तिकरण में गंभीर बाधा रही हैं।

**इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम 'कार्रवाई में तेजी लाना' है।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। महिलाओं और पुरुषों के बीच समाज में जड़ें जमा चुकी असमानताओं को मिटाकर समानता लाने के उद्देश्य से महिला दिवस मनाया जाता है।



भारतीय स्वाधीनता संग्राम के नायक महात्मा गांधी ने 23 दिसंबर 1936 को अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के अपने भाषण में कहा थाः 'जब महिला, जिसे हम अबला कहते हैं, सबला बन जायेगी , तो वे सभी, जो असहाय हैं, शक्तिशाली बन जायेंगे।' इसी क्रम में डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भी सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए लिखते हैं, 'सामाजिक न्याय के लिए महिला सशक्तिकरण का होना जरूरी है। तभी समाज में महिला का उत्थान हो सकता है।' महिलाओं के उत्थान से ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक विचारों के साथ समाज का पुनः निर्माण संभव है।

जब 1920 के आसपास दुनिया भर में महिलाएं अपने समान नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन कर रही थीं, तब हिंदी के ख्यातिलब्ध रचनाकार मुंशी प्रेमचंद लिख रहे थे कि 'यदि पुरुष में स्त्री के गुण आ जायें, तो वह देवता हो जाता है।' रानी अहिल्याबाई होलकर से लेकर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तक, रानी गाइदिंल्यू से लेकर सावित्रीबाई फुले तक महिलाओं ने समाज में बदलाव के बडे.उदाहरण स्थापित किये हैं। वर्तमान भारत इन महान महिलाओं के प्रेरणादायी जीवन से तत्व ग्रहण कर अग्रसर हो रहा है।

इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम 'कार्रवाई में तेजी लाना' है। इस थीम का संदेश है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस और तेजी से कदम उठाने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण हेतु अनेक ठोस कदम उठाये हैं। ये नीतियां महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनायी गयी हैं। पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार द्वारा शुरू की गयी विभिन्न योजनाओं का जमीन पर लाभ दिखना शुरू हो गया है।

गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान करना हो, स्वास्थ्य और सुविधा में सुधार हेतु 'उज्ज्वला योजना' हो या बालिकाओं की शिक्षा और भविष्य की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'सुकन्या समृद्धि योजना' हो, महिलाओं-बेटियों का हित भारत सरकार की प्राथमिकता है। मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन कर महिला कर्मियों को मिलने वाले मातृत्व अवकाश की अवधि 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दी गयी है। उधर मोदी सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों की मदद के लिए शुरू की गयी मुद्रा लोन योजना में महिलाओं की भागीदारी 69 प्रतिशत है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। इसके अलावा स्टैंड अप इंडिया के तहत खास तौर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को ऋण दिया जाता है, जिसके तहत अब तक 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किये जा चुके हैं। 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' और 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं एवं 'सेल्फी विद डॉटर' जैसी पहलों ने हमारी बालिकाओं- युवतियों के लिए नया आसमान खोला है। महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण योजना द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिला समूहों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी भागीदारी को बढ़ाने के नये कीर्तिमान बनाये जा रहे हैं। आज भारत की नारी एक नये आर्थिक क्षितिज की ओर अग्रसर है।

शिक्षा, सफलता की महत्वपूर्ण सीढ़ी मानी जाती है। इस संदर्भ में महात्मा गांधी का यह कथन और भी अर्थवान है- 'जब एक पुरुष शिक्षित होता है, तब एक व्यक्ति शिक्षित होता है, लेकिन जब एक महिला शिक्षित होती है, तब एक परिवार शिक्षित होता है।' इस सूक्ति के मद्देनजर मोदी सरकार के शासन में भारत में उच्च शिक्षा में महिलाओं की स्थिति संतोषजनक रूप से बढ़ रही है। 2014-15 के बाद से उच्च शिक्षा में नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महिला नामांकन दर 1.57 करोड़ से बढ़ कर 2.18 करोड़ हो गयी है।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' द्वारा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का अद्वितीय कार्य हो, तीन तलाक कानून द्वारा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो, पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए महिला बटालियनों का गठन हो अथवा शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नये संस्थान और ट्रेनिंग प्रोग्राम, हमारी सरकार महिलाओं की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है। कला, खेल, अभिनय, राजनीति से लेकर सरकारी नौकरियों और प्रोफेशनल जगत- सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारतीय महिलाएं अपनी भागीदारी न सिर्फ सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अपनी धाक भी बना रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विकसित भारत के लिए अपने चार स्तंभों की बात करते हैं, तो उसमें महिलाएं भी एक हैं। इस 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में निसंदेह महिलाओं की चतुर्दिक भूमिका होने वाली है। ऐसे में हमें महिलाओं के पराक्रम और क्षमता को समझने की जरूरत है। आइए इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम महिलाओं के विकास का पथ प्रशस्त करने का संकल्प लें । विकसित एवं सशक्त भारत की निर्माण यात्रा, महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के माध्यम से ही संपन्न होगी ।

**(लेखिका भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)**

## कोल्हान की खबरें

### नगर निगम होल्डिंग टैक्स बकाया राशि भुगतान को लेकर सख्त

# दो बिल्डिंग को किया जायेगा सील, कार्रवाई रहेगी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम होल्डिंग टैक्स बकाया राशि वसूलने को लेकर सख्त दिख रही है। जिसमें बकाया राशि भुगतान के लिए नौ कैटेगरी में बांटा गया है।



**कितने लोग होल्डिंग टेक्स नहीं चुकाया**

जिसमें एक से लेकर 500 राशि तक -4098, 501 से लेकर 1000 राशि तक 2993, 1001 बकाया राशि से लेकर 3000 तक 4617, 3001 से 5000 तक 1591, 5001 से 10000 तक 1161, 10001 से लेकर 20000 तक 393, 20001 से लेकर 50000 तक 119, 50000 से लेकर 1 लाख तक 22 एवं एक लाख से अधिक बकाया राशि में 14 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है। इन सभी होल्डिंग टैक्स बकाया राशि में अधिक राशि वाले में दो बिल्डिंग चिन्हित किया गया है। जिसमें राज प्रभा होटल की बकाया राशि 797784 एवं मणिकांत मिश्रा, शांति मिश्रा, ललित कुमार मिश्रा की बिल्डिंग की होल्डिंग टैक्स बकाया राशि 222640 हैं। अगर ससमय होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया जाता है तो इनकी बिल्डिंग को सोमवार को कानूनी प्रक्रिया के तहत सील कर दिया जाएगा। वही बचे हुए अन्य बिल्डिंग के ऊपर भी कार्रवाई करने का निर्देश जारी कर दिया गया हैं।

इस संदर्भ में नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश ने बताया कि वित्तीय वर्ष से लेकर अभी तक 8 करोड़ 13 लाख होल्डिंग टैक्स कलेक्शन किया गया है। जिसमें से 15000 ऐसे व्यक्ति हैं, जिसका होल्डिंग टैक्स अभी तक बकाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस वर्ष रिवेन्यू कलेक्शन में बढ़ोतरी की जाएगी। रिवेन्यू कलेक्शन का टारगेट 9 करोड़ 47 लाख मिला हैं। वही दो व्यक्तियों को प्रथम सूची में रखा गया है जिसमें उनके मालिक को बुलाकर विधिवत बिल्डिंग को सीज करवाया जायेगा।

## नमन संस्था ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था 'नमन' ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। मुख्य अतिथि विधायक पूर्णिमा दास साहू ने नमन के महिला सशक्तिकरण प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में राकेश्वर पांडे, बृजभूषण सिंह, कल्याणी शरण, रीता मिश्रा, स्वाति मित्रा समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा महिला दिवस एक संकल्प है हम पूरे वर्ष महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए कार्य करें।

# अग्निशमन सेवाओं में शामिल होकर महिलाएं पेशे में ला रहीं विविधता

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पारंपरिक रूप से अग्निशमन सेवा को पुरुष-प्रधान क्षेत्र माना गया है, लेकिन हाल के वर्षों में महिलाओं ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। दुनिया भर में महिलाएं अग्निशमन सेवाओं में शामिल होकर पारंपरिक मान्यताओं को चुनौती देते हुए इस पेशे में विविधता ला रही हैं। भारत के इस्पात उद्योग में पहला टाटा स्टील ने 7 सितंबर 2023 को अपनी फायर सर्विसेज में 23 महिला अग्निशामकों को शामिल करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। जो की भारत के इस्पात उद्योग के लिए सराहनीय है। टाटा स्टील में 'फ्लेम्स ऑफ चेंज' की पहल ने कंपनी की विविधता, समानता और समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया।




**प्रशिक्षण और एकीकरण**

टाटा स्टील में नियुक्त महिलाओं ने कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ मिलकर 16 सप्ताह का प्रमाणन पाठ्यक्रम शामिल था। नयी नियुक्तियों के मार्गदर्शन के लिए भारत की पहली महिला अग्निशामक हर्षिणी कान्हेकर को आमंत्रित किया गया। इन 23 महिलाओं की पृष्ठभूमि विविध है, जो पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने का उदाहरण हैं।

# निजी यात्रा पर आदित्यपुर पहुंचे बिहार के पर्यटन मंत्री और सुगौली के राजद विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** बिहार के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह एवं सुगौली से राजद विधायक शशि भूषण सिंह एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने शनिवार को सरायकेला के आदित्यपुर पहुंचे। जहां मीडिया से बातचीत के क्रम में दोनों ही नेताओं ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव ने अपने- अपने दल की सरकार बनने का दावा किया। बीजेपी कोटे से हाल ही में मंत्री बनाए गए राजू कुमार सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि बिहार को



पर्यटन के क्षेत्र में कैसे आगे ले जाना है इसका उन्हें पूरा अनुभव है। बिहार की जनता एक बार फिर से एनडीए गठबंधन को जनादेश देने जा रही है। केंद्र की मोदी सरकार के साथ मिलकर बिहार में सीएम नीतीश कुमार ने विकास की नई इबादत लिखी है। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार में असीम संभावनाएं हैं आनेवाले दिनों में इसका परिणाम देखने को मिलेगा। वहीं उन्होंने खुद को मंत्री बनाए जाने के फैसले पर पार्टी आलाकमान और राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया। इधर सुगौली के राजद विधायक शशि भूषण सिंह ने दावा किया कि बिहार में अगले मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता बदलाव चाहती है इसके लिए तेजस्वी यादव से बेहतर विकल्प दूसरा कोई नेता नहीं हो सकता है वही नीतीश कुमार के साथ गठबंधन के सवाल पर राजद विधायक ने कहा कि उनके लिए पार्टी का दरवाजा हमेशा खुला है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार की तुलना आलू से की और कहा कि वे जिसमें मिल जाए उसका स्वाद बदल जाता है। दरअसल दोनों नेता यहां समाजसेवी और आदित्य सिंडिकेट के मालिक राजू सिंह की माता जी के श्राद्धकर्ममें हिस्सा लेने पहुंचे थे।

# लोक अदालत में ढाई लाख मामलों का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के तत्वावधान में जमशेदपुर सिविल कोर्ट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने ऑनलाइन माध्यम से किया।शनिवार को जमशेदपुर न्यायालय में मामलों का निष्पादन के लिए न्यायिक पदाधिकारियों की 12 पीठों का गठन और घाटशिला अनुमंडल कोर्ट में तीन पीठों का गठन किया गया था। जमशेदपुर सिविल कोर्ट में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 2,49,799 मामलों का निष्पादन किया गया। जिससे 6,09,96,453 की राजस्व प्राप्ति हुई। इस अवसर पर न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा नेशनल लोक अदालत त्वरित न्याय प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जो विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों द्वारा इस पहल को सफल बनाने के प्रयासों की सराहना की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा एवं स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय पाने के महत्व पर प्रकाश डाला और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाने की अपील की। मौके पर एक महत्वपूर्ण मामले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के द्वारा वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम से संबंधित प्रकरण में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी का 16,34,141 का चेक पीड़ित राज कुमार सिंह को प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश अजीत कुमार सिंह, स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद, जिला बार संघ के अध्यक्ष आरएन दास, महासचिव राजेश रंजन, बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम केएसबी चंद्रमौली, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी जनरल मैनेजर देवेश मित्तल सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत के साथ-साथ व्यवहार न्यायालय परिसर एवं जज कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह भी मनाया गया। कार्यक्रम की सफलता में कोर्ट स्टाफ, डालसा स्टाफ, पैनल लॉयर्स एवं पीएलवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# जहां नारी को सम्मान मिलेगा, वह समाज आगे बढ़ेगा : सिविल सर्जन



**आरपी नर्सिंग कॉलेज में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

**स्वास्थ्य सहिया को किया गया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के कल्याणपुर स्थित आरपी नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गढ़वा शहर की सभी स्वास्थ्य सहिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला सहिया समन्वयक रोहित कुमार, डॉक्टर पातंजली केशरी, अब्दुल मन्नान सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

उक्त अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। महिलाओं के सम्मान में स्वास्थ्य सहिया को चयनित किया जाना नारी सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम है। जहां नारी का सम्मान होगा, वह समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सहिया स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कड़ी है। वह घर-घर जाकर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती है। जिला सहिया समन्वयक रोहित कुमार ने कहा कि सहिया स्वास्थ्य विभाग की पहिया है। सहिया स्वास्थ्य विभाग की खास जरूरत है। आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि नारी शक्ति का समाज में विशेष महत्व है। इन्हें उचित सम्मान देने की जरूरत है, ताकि स्वतंत्र रूप से अपने आप को पूर्ण समझते हुए अपनी शक्ति का प्रतिनिधित्व कर सके। इसी कड़ी में नर्सिंग कॉलेज में इस वर्ष स्वास्थ्य सहिया को सम्मानित किया जा रहा है। मौके पर अब्दुल मन्नान, कॉलेज के प्राचार्य मनु जेम्स, सहायक प्राध्यापक प्रद्युम्न कुमार, अभिलाषा भारती, सुप्रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, सचिन, शशि शेखर सहित काफी संख्या में कॉलेज की छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज की प्रगति अधूरी : अलखनाथ

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आरकेवीएस संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज आरकेवीएस संस्थान और आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अलखनाथ पांडेय ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, 'नारी ही सृष्टि का आधार है। नारी सिर्फ परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भी सशक्त धुरी है।' उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज की प्रगति अधूरी है और समाज के हर क्षेत्र में नारी की समान भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों की शिक्षा, स्वावलंबन और सम्मान को सर्वोपरि रखने की अपील की। उन्होंने कहा, 'इस दिन को मनाने का उद्देश्य यह है कि हम महिलाओं के प्रति समाज में सम्मान की भावना उत्पन्न करें और उन्हें समान अधिकार दिलाने के लिए कार्य करें।'

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में भाषण, लेखन और अन्य रंगारंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक राजन चौबे, प्रवीण दुबे, रीतेश जयसवाल, आनंद मिश्रा, रंजना दुबे सहित अन्य शिक्षक गण और अध्यनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। महिला दिवस के इस आयोजन ने न केवल महिलाओं के योगदान को सम्मानित किया, बल्कि यह भी एक प्रेरणा है कि हम सभी को एकजुट होकर समाज में समानता और समरसता की दिशा में काम करना चाहिए।

## धीरज को मिली मास्टर ऑफ लॉ की उपाधि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 38वें दीक्षांत समारोह में गढ़वा के राजनीतिक चेहरा धीरज दुबे को मास्टर ऑफ लॉ की उपाधि प्रदान की गयी। यह सम्मान उन्हें मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, कुलपति अजीत कुमार सिन्हा और छोटा नागपुर लॉ कॉलेज के प्राचार्य पंकज कुमार चतुवेर्दी के हाथों प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि से उनके परिवार, मित्र और शुभचिंतक में हर्ष का माहौल है। धीरज दुबे एक साधारण परिवार से उनकी प्रारंभिक शिक्षा आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में हुई, जहां से उन्होंने 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण किया। इसके बाद, उन्होंने डीएवी स्कूल, पलामू से 12वीं की परीक्षा पास की। प्रारंभ से ही वे शिक्षा के प्रति गंभीर थे और शैक्षणिक क्षेत्र में रुचि रखते थे। इसी जुनून ने उन्हें मास्टर ऑफ लॉ तक पहुंचाया। धीरज दुबे सिर्फ एक मेधावी छात्र ही नहीं, बल्कि समाजसेवा और राजनीति के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा समाज के विकास और जरूरतमंदों की मदद को प्राथमिकता दी।

## महिलाएं किसी से कम नहीं, सभी क्षेत्रों में दिखा रहीं दम : मुखिया

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेराल के सभी पंचायतों में कई कार्यक्रम आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेराल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में महिला संवाद सह सशक्तिकरण को लेकर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय के मेराल पश्चिमी एवं पूर्वी पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ सतीश भगत, पंचायती राज कोऑर्डिनेटर विशाल कुमार, मुन्ना राम, मुखिया उर्मिला देवी बीडीसी चंचला देवी, निभा तिवारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, मुखिया रामसागर महतो ने ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो ने कहा कि आज महिलाएं किसी से कम नहीं हैं, सभी क्षेत्रों में अपना दम दिखा रहीं है। इधर हासनदाग पंचायत भवन में सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरूदेव विश्वकर्मा ने कहा कि आज महिलाएं आत्म निर्भर बन रही हैं, सभी क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। यहां के कार्यक्रम में मुखिया फूलमंती देवी, एकल नारी सशक्ति संगठन के निर्देशक विश्वनाथ आजाद, अग्रगति संस्था के अंजू कुमारी, सचिव चंपा देवी, बविता, वार्ड सदस्य संगीता देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। पश्चिमी पंचायत भवन में जेएसएलपीएस की महिलाओं को बीडीओ द्वारा 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

## महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहीं : प्राचार्या

**बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के प्रशाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर दिशा में आगे बढ़ रही हैं। महाविद्यालय के प्राध्यापक आनंद कुमार चौबे ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की साक्षरता, शत् प्रतिशत बढ़ रही हैं। महाविद्यालय की प्रवक्ता रेखा कुमारी ने कहा कि महिलाएं अपने दम पर आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं महाविद्यालय के प्रशिक्षुओ में संतु, अमृता, प्रतिज्ञा, काजल, मधु, इत्यादि ने अपना मंतव्य प्रकट किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, आनंद कुमार चौबे, सतीश कुमार बिंद उपस्थित रहे। शिक्षके त्तर कर्मचारियों में एसएन ठाकुर, रविंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

## सेल भवनाथपुर तुलसीदामर माइंस में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सेल भवनाथपुर तुलसीदामर माइंस में महिला कर्मचारियों की उनके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेल, भवनाथपुर तुलसीदामर माइंस के डीजीएम एसयू मेदा ने बीएनपी माइंस और सीआईएसएफ की सभी महिला कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ और मिठाई देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री मेडा ने कहा कि महिलाओं के बिना दुनिया में पुरुषों का कोई अस्तित्व नहीं है। महिलाएं समाज का एक अभिन्न अंग रही हैं, उन्होंने इतिहास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, चाहे वह विज्ञान, राजनीति, व्यवसाय, खेल, अंतरिक्ष, कला या सामाजिक कार्य हो। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ जश्न मनाने के बारे में नहीं है, यह कार्रवाई के बारे में भी है। कार्यक्रम का संचालन बुलु दिगल ने की। इस मौके पर सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट मधुसूदन माहेश्वरी, बी पाणिग्रही, आदर्श, मुकेश दुबे, संपूणार्नंद, सुशील, सुरेंदर उपस्थित थे।

## सगमा प्रखंड कार्यालय में ढाई सौ साइकिल का वितरण




**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में छात्राओं के बीच ढाई सौ साइकिल का वितरण साइकिल पाकर छात्रों के चेहरे पर आया मुस्कान। झारखंड सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना में सुमार विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया जाता है। इस योजना के तहत सगमा प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड क्षेत्र के सगमा कट्टर सोनडीहा सारदा बीरबल स्थित मध्यविद्याल के छात्र-छात्राओं के बीच प्रखंड के प्रभारी कल्याण पदाधिकारी रविरंजन कुमार के द्वारा ढाई सौ साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर संबंधित विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

## भगवान विश्वकर्मा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित नवनिर्मित भगवान विश्वकर्मा के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और यह यात्रा चंद्री लोहरपुरवा मुख्य बाजार होते हुए कोयल नदी के संगम घाट तक पहुंची। जहां, जलभरकर श्रद्धालुओं ने कलश को मंदिर परिसर में लेकर जाकर, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश की स्थापना की। इस महायज्ञ के अंतर्गत 10 मार्च 2025 को भगवान विश्वकर्मा की प्राण प्रतिष्ठा नगर भ्रमण के साथ संपन्न होगी, जिसमें नगरवासियों का उत्साह देखने लायक रहेगा। वहीं, 11 मार्च 2025 को महायज्ञ का सफल समापन होगा।

## होली में हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर : सुनील



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव थाना परिसर में होली और रमजान महीने के अवसर पर शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा की गयी। इस अवसर पर सीओ एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी द्वारा होली एवं रमजान महीने का त्यौहार दोनों समुदाय के लोगों को अपनी अपनी परंपरा के अनुसार भाईचारे और प्रेम के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गयी। सीओ ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना प्रशासन को दें, और सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का भड़काऊ और भ्रामक खबर अगर देखते हैं, तो इसकी भी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। मौके पर निवर्तमान वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम शंकर दुबे ,मारुति नंदन सोनी, विवेक सोनी, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष महताब आलम अब्दुल हमीद सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में होली और रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीडीओ ने लोगों से रंगों का पर्व होली एवं रमजान का त्यौहार आपसी सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का अपील किया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि होली पर्व के दिन ही पाक रमजान का जुम्मा का दिन पड़ने के चलते क्षेत्र के संवेदनशील जगहों पर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जायेगी। कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की ओर से सख्ती बरती जायेगी। इस मौके पर सीआई इंतखाब आलम, एसआई एनपी शर्मा, नारायण प्रसाद, दिनेश सिंह, एएसआई जगबंधु महतो, आशुतोष सिन्हा, उपेंद्र राम, मुखिया बेबी देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, बीससूत्री ब्रजेश सिंह समेत दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## चलती बस से गिरकर बस एजेंट राजा की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा अंबिकापुर मार्ग एनएच-343 पर लोहा पुल के पास एक हादसे में विजय नामक बस से गिरने के कारण एक बस एजेंट की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद घायल अवस्था में उसे सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान रंका थाना क्षेत्र के रंका मेन रोड निवासी राजू कुमार चंद्रवंशी उर्फ राजा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह प्रतिदिन की तरह विजय बस में एजेंट का काम कर रहा था। बस रामानुजगंज से गढ़वा आ रही थी, तभी अचानक पीछे का गेट खुल जाने से वह लोहा पुल के पास नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे रंका स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## अधेड़ का शव घर के समीप पेड़ से झूलता मिला

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह खुर्द निवासी लखू रजवार 45 वर्ष पिता घूरा रजवार का शव अपने घर के समीप सुबह पेड़ से लटका देखा गया। आसपास के लोगों ने सुबह रस्सी के सहारे झूलते देख इसकी सूचना प्रशासन को दिया। प्रथम दृष्टि आत्महत्या प्रतीत हो रही है। परंतु दबे कुचे आवाज में ग्रामीणों के द्वारा हत्या करने की आशंका व्यक्त किया जा रहा है। हालांकि अभी तक परिजनों ने पुलिस को आवेदन नहीं दिया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। साथ ही पुलिस जांच में जुट चुकी हैं।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली का पर्व : अरुण कुमार रवानी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** थाना परिसर में होली पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शनिवार को केतार थाना में शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने की। थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर डीजे और तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाना प्रतिबंधित रहेगा। यदि डीजे बजाने या उससे हानि होने की शिकायत मिलने पर डीजे संचालक एवं आयोजक दोनों पर प्रशासन सख्ती से निपटेगी। होली के दौरान हुडदंग करने, बेवजह किसी के ऊपर रंग फेकने के साथ दूसरे समुदाय के लोगों पर जबरदस्ती रंग फेंकने या लगाने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है साथ में होली का पर्व भी है। दोनों समुदाय के लोग आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ दोनों पर्व मनायें। हाई कोर्ट के गाइड लाइन से अलग हटकर जो भी व्यक्ति होली का आयोजन करेगा, उस पर कार्रवाई निश्चित होगी। अंत में थाना प्रभारी ने लोगों को अबीर लगाकर होली और रमजान की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह, श्यामसुंदर बैठा, प्रमोद कुमार, उपमुखिया संजय पाल, सुरेश राम, छोटन सिंह, राजू सिंह, त्रिपुरारी सिंह, हकीमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन सहित दोनो समुदाय के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

## होली और रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना कार्यालय परिसर में होली और रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गयी। इस दौरान अंचल अधिकारी ने कहा कि धुरकी व सगमा प्रखंड के लोग आपसी सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाएं। पर्व के दौरान किसी भी तरह से शांति भंग ना हो, इसकी जवाबदेही गांव के जनप्रतिनिधी प्रबुद्धजन की भी बनती है। उन्होंने कहा कि सगमा और धुरकी प्रखंड में निर्धारित स्थलों पर होलिका दहन के दिन मजिस्ट्रेट और पुलिसबल की तैनाती की जायेगी, इसके अलावा होली के दिन अश्लील गानों पर पुर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। मौके पर पुर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव, सदर पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी बीडीसी प्रतिनिधी कमलेश कुमार सिंह गोंड, पुर्व मुखिया लक्षमण यादव, प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, दामोदर जायसवाल, कुदुस अंसारी, उपमुखिया मंगलेश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## होली पर डीजे प्रतिबंधित : सीओ



**कांडी (आजाद सिपाही)।** होली के पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शनिवार को कांडी थाना में शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर डीजे बजाने प्रतिबंधित रहेगा। यदि डीजे बजाने या उससे हुई हानि की शिकायत मिली, तो डीजे संचालक एवं आयोजक दोनों पर प्रशासन सख्ती से निपटेगी। बैठक में महिला एसआई जुली टुडू, एसआई विद्यासागर प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, प्रभारी प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, रानाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा, शिवपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, घटहुआं पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम समेत अन्य उपस्थित थे।

## भंडरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना परिसर में अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह व थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम के अध्यक्षता में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम ने बताया कि होली से दो दिन पूर्व से पुरे थाना क्षेत्र में पुलिस गस्त तेज कर दी जायेगी, शराब की बिक्री व सेवन पर कड़ी नजर रखी जायेगी। बैठक में उपस्थित अंचला पदाधिकारी राकेश भूषण ने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी नजर रखी जायेगी अश्लील गाने होली में नहीं बजाने की बात कही गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपप्रमुख श्रद्धा देवी देव सागर सिंह, शंकर सिंह, विनोद गुप्ता, राजेश, उस्मान अंसारी फिदा हुसैन समेत दर्जनों की संख्या में गाने मान्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो डाककर्मी घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** कांडी मुख्य पथ पर कवलदाग गांव के समीप बाईक अनियंत्रित होकर पलट जाने उसपर सवार भवनाथपुर टाउनशिप के दो डाककर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में बिहार के पटना निवासी और ब्रांच पोस्टमास्टर आनंद कुमार और पोस्टमैन निखिल सिंह का नाम शामिल है। घायलावस्था में दूसरे कर्मी के द्वारा इलाज हेतु भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया, जहां पर तैनात चिकित्सक रंजन दास द्वारा इलाज किया गया।

## भाजपा ने अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया

# अटल बिहारी वाजपेयी सदैव भारत के उत्थान के लिए संकल्पित रहे : घूरन राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी शताब्दी वर्ष 2024-25 के दौरान अटल बिरासत सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अटल बिहारी वाजपेई के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वंदे मातरम गीत के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भाजपा के जनक अटल बिहारी वाजपेयी जननायक थे। उन्होंने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिया, जिससे झारखंड वासियों को उनका अधिकार मिल सका। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जैसा नेता भारत के इतिहास में कोई नहीं हुआ। वे सदैव भारत के उत्थान के लिए संकल्पित रहे। भाजपा जिला संगठन प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का जीवन संघर्षो से भरा हुआ था वे एक मात्र ऐसे नेता थे, जिनका विपक्ष भी सम्मान करता था।

भाजपा नेता ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल संगठनकर्ता और देशभक्त नेता थे। उन्होंने अपना पुरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। भाजयुमो पुर्व प्रदेश अध्यक्ष बिनय चौबे ने कहा कि भाजपा संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व बड़ा रहा है, वे काफी संघर्षपूर्ण जीवन में अनेकों उतार चढ़ाव देखते हुए पार्टी के मुल्यों को बचाये रखा। अटल बिहारी वाजपेयी ने भाजपा को कार्यकर्ता आधारित पार्टी बनाया।

भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत अटल बिहारी वाजपेयी देश के लिए खुद को समर्पित किया, जिससे आज करोड़ों कार्यकर्ता प्रेरणा लेकर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, तभी भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश केशरी विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, टिंकू गुप्ता, जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय अरविंद तुफानी रामशीष तिवारी उमेश कश्यप ओमप्रकाश दास अभिषेक कश्यप शुभम गुप्ता विनोद द्विवेदी भगवान तिवारी विकास तिवारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना के लिए उमड़े लोग

## शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी20 टूर्नामेंट : कोलकाता को पराजित कर जेएससीए की टीम बनी चैंपियन



फाइनल मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह।




जेएससीए की विजेता टीम को ट्रॉफी देते धीरज प्रसाद साहू व अन्य अतिथि।



बालिका खिलाड़ी को सम्मानित करते हरभजन सिंह, सुरेश रैना और अन्य।



जेएससीए के अरविंद को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शनिवार को लोहरदगा क्रिकेट के बुखार में तपता रहा। मौका था लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन और साहू परिवार द्वारा आयोजित शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का, जिसके मुख्य आकर्षण क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना थे। बलदेव साहू कॉलेज स्टेडियम में आयोजित फाइनल मुकाबले में इन दोनों क्रिकेटरों को देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। रोमांचक फाइनल मुकाबले में कोलकाता की टीम को 56 रनों से पराजित कर जेएससीए की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया।

जेएससीए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 222 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम 166 रन बना कर ऑल आउट हो गयी। जेएससीए की ओर से अरविंद कुमार 152, श्रेष्ठ सागर ने 19 और विराट सिंह ने 18 रनों का योगदान दिया। वहीं कोलकाता के गेंदबाज सक्षम चौधरी ने दो विकेट और अंकुर, एरका और प्रियांशु ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी कोलकाता की टीम 17 ओवर में 166 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। टीम की ओर से सुप्रोदीप देवनाथ ने 36, एशीक पटेल ने 34, दीपक ने 33 और कुमार अश्विन ने 27 रनों का योगदान दिया। जेएससीए के गेंदबाज बाल कृष्ण और अभिषेक यादव ने तीन-तीन और साहिल और रौनक ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

मैच खत्म होने के बाद स्टेडियम परिसर में गहमा-गहमी के बीच विजेता और उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पूर्व राज्यसभा सांसद सह लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू, दुर्गेश साहू, जेएससीए के सचिव पीएन सिंह, लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आलोक राय, साहू परिवार के सदस्यों और क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने पुरस्कारों का वितरण किया। जेएससीए की टीम को चार लाख का चेक, विनर ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कोलकाता की टीम को तीन लाख का चेक, ट्रॉफी और मेडल दिया गया।



मंचासीन मंत्री इरफान अंसारी, राधा कृष्ण किशोर, क्रिकेटर हरभजन सिंह, सुरेश रैना, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव और नमन विक्सल कोनगाड़ी।

### जेएससीए केअरविंद को सर्वाधिक पुरस्कार

मैन ऑफ दि मैच का खिताब जेएससीए के बल्लेबाज अरविंद कुमार को मिला। सर्वाधिक छक्का मारने का खिताब भी अरविंद कुमार को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भी अरविंद कुमार को दिया गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में सबसे उत्कृष्ट और अच्छे बल्लेबाज के रूप में कोलकाता टीम के बल्लेबाज विशाल भाटी को पुरस्कृत किया गया। अरविंद कुमार को मैन ऑफ द मैच के रूप में 10 हजार, राधाकृष्ण मैन ऑफ द सीरीज के रूप में 15 हजार और सर्वाधिक छक्का मारने के लिए पांच हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। दर्शकों का अरविंद कुमार ने अपनी बल्लेबाजी से खूब मनोरंजन किया। उनके हर शॉट पर दर्शकों ने खूब तालियां बजायीं।

फाइनल मुकाबला देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित थे। तिरंगा झंडा लेकर कई दर्शक पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे। स्टेडियम के बाहर मौजूद कई क्रिकेट प्रेमी हरभजन सिंह और सुरेश रैना को देखने के लिए इंतजार करते रहे। स्टेडियम के भीतर भी लोगों की निगाहें इन दो क्रिकेटरों को ही खोजती रहीं।

## क्रिकेटर सुरेश रैना और हरभजन सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के बीएस कॉलेज स्टेडियम में आयोजित टी 20 क्रिकट टूर्नामेंट में क्रिकेटर सुरेश रैना और हरभजन सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दोनों क्रिकेटरों ने स्थानीय खिलाड़ियों के साथ पांच पांच ओवर का फ्रैंडली टूर्नामेंट खेल कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। सुरेश रैना और हरभजन सिंह को खेलते देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे। दोनों खिलाड़ियों ने बैटिंग और बोलिंग का जहर दिखाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। स्टेडियम में मौजूद आम और खास हरभजन सिंह और सुरेश रैना की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखे। स्थानीय खिलाड़ी दोनों खिलाड़ियों से ऑटोग्राफ लेने के लिए लाइन लगा दिया। इस मौके पर हरभजन सिंह और सुरेश रैना को मंच से पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पुष्प गुच्छ, शाल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी भी शामिल हुए। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि, इस टूर्नामेंट का यही उद्देश्य है कि लोहरदगा की धरती से क्रिकेट के बड़े और अच्छे खिलाड़ी निकले। कहा, इस तरह के टूनार्मेंट से युवाओं को एक प्लेटफार्म मिलता है। जो, इनके लिए आयोजित किया गया। बीएस कॉलेज स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में कई विधायकों ने भी हिस्सा लिया। वित्त मंत्री ने कहा की मंईया सम्मान योजना के लिए सरकार के पास पर्याप्त राशि है और कोष की कोई कमी नहीं है। होली से पहले महिलाओं के खाते में राशि चली जायेगी।

# अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी चंदवा ने महिलाओं को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड स्थित हुटाप में अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा उनके अधिकारों, समानता और सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए संबोधन दिया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों, उनके अधिकारों एवं समाज में उनके सम्मान की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किये। इस दौरान महिलाओं के प्रति ऐतिहासिक अन्याय, उनके मताधिकार, शिक्षा के अधिकार, सती प्रथा जैसी कुप्रथाओं के अंत और लैंगिक समानता की दिशा में किये गये प्रयासों पर भी चर्चा की गयी। नर्सिंग के विद्यार्थियों काजल एवं आदित्य ने महिला दिवस पर प्रभावशाली भाषण दिया, जिसमें उन्होंने महिलाओं के अधिकारों, उनके सम्मान और न्याय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि क्यों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की आवश्यकता पड़ी और यह दिवस महिलाओं के लिए कितना महत्वपूर्ण है। कॉलेज प्रशासन ने इस अवसर पर महिलाओं के योगदान को सराहते हुए सभी को उनके सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने महिलाओं की सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और सभी को यह संदेश दिया कि समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए।

## ढाई साल का बच्चा खेलते वक्त गांव से लापता, खोजबीन की लगायी गुहार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वर्ती ग्राम उरु निवासी विनोद महतो का ढाई वर्षीय पुत्र पियूष महतो 7 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को घर के समीप खेल रहा था। जो खेलते खेलते लापता हो गया। वही लापता बच्चे की मां का कहना है कि बच्चे को पड़ोसी दीपिका कुमारी के निगरानी में छोड़ कर जलावन की लकड़ी लाने जंगल गये हुए थे। जब जंगल से घर लौटे तो बच्चे को नही देख परिजन एवं गांव के लोग काफी खोज बीन किया परंतु अभी तक बच्चा कहीं पता नही चला। वही अच्चानक बच्चे के लापता होने पर परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। जिसे शनिवार को बच्चा का लापता होने के संदर्भ में सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए पुलिस प्रशासन को अवगत करा कर बच्चे का सकुशल बरामद करने का गुहार लगाया गया है।

# सांसद सुखदेव भगत ने मिनी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत ने सदर अस्पताल परिसर में मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। सांसद ने इस अवसर पर कहा कि यह मिनी हॉस्पिटल मोबाइल वैन (मल्टी स्पेशियलिटी डायग्नोस्टिक्स मोबाइल मिनी हॉस्पिटल) के जरिये उपलब्ध होगा जिसमें जिला के सुदूरवर्ती गांवों में, जहां डॉक्टर की उपलब्धता कम है या समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है, वहां इस वैन के जरिये मेडिकल सेवा उपलब्ध रहेगी। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क होगी। लोग अपनी मेडिकल जांच करा सकते हैं, दवाइयां ले सकते हैं। इस मेडिकल वैन में चिकित्सक, एक्स-रे मशीन, दवाइयां, लैब उपलब्ध है। यह वैन जिला के सभी प्रखंडों के सभी गांव में जायेगा। इस वैन की उपलब्धता कोल इंडिया द्वारा सुनिश्चित की गयी है। इसका संचालन एपीरोन संस्था द्वारा किया जा रहा है।

## शहादत दिवस पर याद किये गये तिलेश्वर साहु



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश तेली उत्थान समाज सह झारखंड प्रदूषण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व तिलेश्वर साहु के शहादत दिवस पर शनिवार को कृषि बाजार के समीप स्थित उनकी प्रतिमा पर समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर समाज के संरक्षक प्रो शिवदयाल साहू ने कहा कि तिलेश्वर साहू की हत्या आज ही के दिन महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के मंच पर राजनितिक षड्यंत्र के तहत कर दिया गया था। स्व तिलेश्वर साहु सिर्फ तेली समाज के नेता नहीं थे बल्कि सभी समाज एवं सभी धर्मावलम्वी के नेता थे। झारखण्ड में बहुत कम समय में ही सर्वमान्य नेता के रूप में उभर कर आगे बढ़ रहे थे पर उनके राजनितिक विरोधियों को राजनिति के क्षेत्र में खतरा महसूस होने लगा जिसके कारण उनकी हत्या कराया गया। उनके हत्या से तेली समाज का कद्दावर नेता खो दिया। जिसका भरपाई निकट समय में नही हो सकता। तेली समाज उनके सपनों को पुरा करने में हर तरह से लगा हुआ है। तेली समाज सभी जिलों में संगठित है। मौके पर संरक्षक सह कोर कमिटी संयोजक प्रो शिवदयाल साहु, मनोज साहू, संरक्षक लाखपती साहु,सोहन साहु, विदेशी साहु,रोहित साहु,रामबिलास साहु, बजरंग साहु, दिनेश प्रसाद, राजा साहु, बिंदेश्वर साहु आदि मौजूद थे।

## मनिका में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। आरोग्य भारतीय झारखंड के द्वारा मनिका के बाल विकास परियोजना में महिला पर्यवेक्षिका को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया गया। वही आरोग्य भारतीय झारखंड के प्रांतीय सचिव राजेश कुमार शर्मा के द्वारा महिलाओं को ग्लूकोज के और स्वस्थ जीवन शैली का पुस्तक के उपहार स्वरूप भेंट किया गया। श्री शर्मा ने महिला दिवस पर महिलाओं को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सामाजिक बंधनों को छोड़कर महिलाओं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती है।महिलाओं को समाज में आगे आने की जरूरत है तभी समाज का विकास हो सकता है आज हर क्षेत्र में कड़ी चुनौती के साथ महिलाएं अपने जगह बना रही है स्वास्थ्य विज्ञान शिक्षा सरकारी कर्मी इन सभी जगह पर महिलाएं आज सशक्त हो रही है यह बहुत खुशी की बात है।

# व्यवहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्षन में व्यावहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्धघाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीष सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। उन्होने अपने संबोधन में जिला के न्यायिक पदधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पीएलवी एवं वादकारियों को बढ़-चढ़ कर लोक अदालत में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिला दिवस पर राज्य की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए समाज, राज्य एवं देष की उन्नति में उनके भागीदारी की सराहना की। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लीटिगेशन एवं लंबित मामलों में 12 हजार पांच सौ वादों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा लगभग सात करोड़, दो लाख, 74 हजार नौ सौ चैहत्तर रुपए का सेटलमेंट किया गया।

**सखी मंडल को दिये गये 32 लाख रुपये**

राष्ट्रीय लोक अदालत में जेएसएलपीएस के तत्वावधान में स्थानीय सखी मंडल को प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीष मनोज कुमार सिंह के द्वारा 32 लाख रुपये का चेक दिया गया।

**अलग रह रहे पति-पत्नी को मिलाया**

कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीष श्री राजीव रंजन ने वर्षों से अलग रह रहे दो जोड़ों को मिलाया। पहले मामला में ग्राम कमता, थाना चंदाव की रहने वाली तमन्ना बीबी की शादी साल 2023 में मुसलीम रीति रिवाज के नावागढा, जिला लातेहार से हुई थी। शादी के कुछ ही दिन बाद दोनो की बीच झगड़ा होने लग गया। दोनों अलग रहने लगे जिसके बाद तमन्ना बीबी ने पति पर भरण पोषण का केस कर दिया। दोनो जोड़ा अलग होना चाहते थे, लेकिन न्यायाधीष राजीव रंजन के समझाने बुझाने पर साथ रहने को राजी हो गये।

# बिना एनओसी के बंगला ईंट भट्ठों का हो रहा संचालन

डिम्पल राजा



**मनिका लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में अवैध बांगला ईट भट्टों अवैध कारोबार कई वर्षों से संचालित हो रहा और प्रशासन की सह पर अवैध ईट भट्ठे धधक रहे है। पूरे मनिका प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बेरोक टोक अवैध कोयले से बंगला ईंट भट्टे संचालित किया जा रहे हैं। पर्यावरण विभाग से बैगर एनओसी प्राप्त किया ही धड़ल्ले से अवैध बांगला ईट भट्ठे चलाए जा रहे हैं। मनिका प्रखंड के कोरिद, व्यांग,विशुंबाध, पंचायत, कोपे पंचायत के भट्टको, बड़काडीह, देखा जाए तो खुलेआम अवैध कोयले से मनिका प्रखंड क्षेत्र में कई अवैध ईट भट्ठे संचालित हो रहा है। और इसका सुध लेने वाला नहीं है। आपको बता दे अवैध ईट भट्ठा संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से संचालकों की हौसला बुलंद है। इसमें खनिज विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है। गोरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनो ईट भट्ठे का कारोबार बैगर विभागीय अनुमति व रॉयल्टी जमा किए धड़ल्ले से चल रहा है।

**चल रही है सांठगांठ**

ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनो धड़ल्ले से चल रहे हैं अवैध ईट भट्टे उच्च अधिकारियों तक अवैध ईट भट्ठे संचालकों के ऊपर कार्यवाही करने के लिए कोई भी प्रतिवेदन नहीं दे रहे हैं। जिससे शासन को रॉयल्टी से लाखों रुपया का नुकसान हो रहा है।

**वायु प्रदूषण में हो रही है बढ़ोतरी**

धड़ल्ले से वन रहे ईट भट्ठौ से क्षेत्र लगातार प्रदूषित हो रहा है। वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। वहीं इसके प्रभाव से नदी नाले भी प्रभावित हो रहे हैं। इतना ही नहीं जंगलों का कटाव भी जारी है। कोई एट भत्ते जंगलों के पास है, जिससे उन्हें लकड़ी आसानी से मिल जाती है और धड़ल्ले से जंगलों का सफाया भी होते जा रहा है।

वही जब मामले की विषय में जानकारी के लिए अंचलाधिकारी नंदकुमार राम को दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## पलमी टंगरा के पास सड़क दुर्घटना में युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा-सिसई मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी टंगरा टोली के समीप सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डा. ओम कुमार ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जमगाई गांव निवासी भूखला उरांव के पुत्र ललन उरांव (22 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से सेमरा होते हुए अपने घर जमगाई जा रहा था। इसी दौरान पलमी टंगरा टोली के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे उसके शरीर में काफी चोटें आयी है।

## सेना के जवान ने पत्नी की पीटकर हत्या की

**कैरो (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा कैरो प्रखंड बस्ती में एक सेना के जवान ने अपनी पत्नी को पीटकर हत्या कर दी। गुमला जिला के सिसई प्रखण्ड बस्ती निवासी सोमेश्वर उरांव 27 वर्ष का विवाह तीन वर्ष पूर्व कैरो प्रखंड बस्ती निवासी वशिष्ट उरांव की पुत्री नेहा कुमारी के साथ हुई थी। सोमेश्वर सेना का जवान था। उसकी नौकरी 9 साल पहले हुई थी। सोमेश्वर और नेहा शादी के बाद राजी खुशी से रह रहे थे। वे रांची में एक किराये के मकान में रहते थे। उनका एक दो वर्ष बेटा भी है। सोमेश्वर कुछ दिन पहले छुट्टी में रांची आया था। इसके बाद अपने परिवार के साथ कैरो ससुराल आया था। जहां शुक्रवार को दोनों पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और सोमेश्वर ने नेहा की पिटाई कर दी, जिससे नेहा के सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गयी। इसके बाद सोमेश्वर ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, पर स्थानीय लोगों ने पंहुचकर उसको फंदा में झूलने से बचा लिया। कैरो पुलिस नेहा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं सोमेश्वर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## डीसी ने नीलांबर-पीतांबरपुर अंचल के राजस्व निरीक्षक को किया निलंबित

मेदिनीनगर (आजाीद सिपाही)। पलामू जिले के नीलांबर-पिताम्बरपुर अंचल के राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम को डीसी शशि रंजन ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में महेंद्र राम का जीवन निर्वाहन भत्ता का भुगतान मनातू अंचल कार्यालय द्वारा किया जायेगा। साथ ही इनका मुख्यालय भी मनातू में निर्धारित किया गया है। निलंबित राजस्व उप निरीक्षक के विरुद्ध संचालन पदाधिकारी के रूप में मेदिनीनगर के एसडीओ सदर उपस्थापन पदाधिकारी के रूप में सीओ नीलांबर-पिताम्बरपुर को नियुक्त किया गया है। बतातें चलें कि 21 दिसंबर 2024 को अपर समाहर्ता कुंदन कुमार द्वारा नीलांबर-पिताम्बरपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान पाया गया कि कई नामांतरण वाद को अगस्त महीने से ही लंबित रखा गया है। जिनका निर्धारित 90 दिनों के बाद भी निष्पादन नहीं किया जा रहा है। इसके अलावे राजस्व उप निरीक्षक मेदिनीनगर द्वारा पंजी 11 में प्लॉटवार रकबा अंकित नहीं रहने के कारण नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जा रही है। जबकि अपर समाहर्ता पलामू द्वारा ऑनलाइन पंजी-11 का भो अवलोकन किया गया,जिससे पंजी-11 में प्लॉटवार रकबा अंकित है। राजस्व उप निरीक्षक द्वारा नामांतरण के मामले में 25 मामले 90 दिनों से अधिक बिना आपत्ति के लंबित रखे गये जो झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 का उल्लंघन है। इसके साथ ही महेंद्र राम का बॉयोमैट्रिक अटेंडेंस का भी अवलोकन किया जिसमें इनके द्वारा प्रतिदिन अंचल कार्यालय नहीं आने का मामला भी प्रकाश में आया। इस कार्रवाई के संबंध में डीसी ने जिले के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत तय मानकों के अनुरूप सभी प्रकार के कार्यों का ससमय निष्पादित करने की बात कही है। कहा कि ऐसा नहीं करने पर संबंधित पदाधिकारी-कर्मी के वेतन की भी कटौती की जायेगी।

## विधायक ने प्रखंड और अंचल कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शनिवार को नीलाम्बर- पीताम्बरपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड और अंचल कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बारी-बारी से सभी विभागों की समीक्षा की। इस दौरान जमीन से संबंधित ऑनलाइन, एलपीसी, भूमि मापी, जमीन रसीद, जाती, स्थानीय प्रमाण पत्र, मनरेगा संबंधित, अबुवा आवास, जनवितरण आदि विभागों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा आंगनबाड़ी भवन बनकर तैयार होने के बावजूद किराये के मकान में आंगनबाड़ी संचालित होने को पर नाराजगी जताई। लगे हाथ जल्द ही विभाग को सौंपने का निर्देश दिया। इसके अलावा गांधी चौक सहित ढेला चौक के चारो तरफ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किये गये स्थानों को जल्द अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कर्मी को समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बचन ठाकुर, कमेश यादव, थाना प्रभारी राजू प्रसाद गुप्ता, बीडीओ सुकेशनी करकेटा, मुखिया मंदीप मेहता, सीओ अनिल सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा और निर्मल मेहता आदि उपस्थित थे।

## ईरान कमाने गये शादाब राइन की मौत पर अरुणा शंकर ने जताया दुख



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** इरान कमाने गये शादाव राइन का वहीं निधन हो गया था। जिसका पार्थिव शरीर शनिवार को पलामू स्थित उसके घर पहुंचा। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में नगरवासी उसके आवास पहुंचे और मिट्टी मंजिल में गए। इस दौरान अंतिम दर्शन को मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष आजाद खान, सोहेल, मुमताज खान, जीशान खान, फिरोज अंसारी, शाहरुख राईन, कमाल मुस्तफा सहित काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हुए। दुख की इस घड़ी में अरुणा शंकर ने शादाब राईन की पत्नी से मिलकर सांत्वना दिया। कहा कि पूरा समाज दुख की घड़ी में उनके खड़ा है। अगर कोई परेशानी हो तो वह उन्हें अपनी बहन समझकर बता सकती है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि शादाब राइन के पार्थिव शरीर को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से लाया गया है। वह अपने पीछे दो छोटी-छोटी बेटी एवं एक बेटा छोड़ गया हैं। शादाब राईन जाबिर राईन के पुत्र हैं।

## महिंद्रा से जुड़े ग्राहक संतुष्ट



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर के रहने वाले आनंद महिंद्रा मोटर्स के ग्राहक जयप्रकाश शाह ने बताया कि उन्होंने एक साल पहले एक ट्रियो इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर वाहन खरीदा था. जिसे वो एक लाख किलोमीटर चल चुका है। इसके बाद दूसरा थ्री व्हीलर ट्रियो ही खरीदा उसे भी लगभग एक लाख किलोमीटर होने जा रहा है। दोनों वाहनों की कमाई से महिंद्रा ट्रैक्टर ली जो काफी अच्छा चल रहा है। अब तीनों वाहनों की कमाई से स्कॉर्पियो लेने के लिए कोटेशन लेने आनंद मोटर में आये हैं। कहा कि महिंद्रा की कमाई से महिंद्र स्कॉर्पियो लेने की मुझे खुशी है। मैं महिंद्रा की सर्विस और कंपनी द्वारा मेरी गाड़ी के रखरखाव से काफी खुश हूं। इस अवसर पर आनंद मोटर सर्विस के जीएम ने कहा कि हमें भी खुशी है कि हमारे ग्राहक कितने संतुष्ट हैं और उन्नति कर रहे हैं। जिस दिन जयप्रकाश शाह स्कॉर्पियो लेने आयेंगें उसी दिन संतुष्ट ग्राहक सेलिब्रेशन किया जाएगा जिसमें हमारे एमडी खुद उन्हें सम्मानित करेंगे।

# गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की भूमिका अहम : डीसी

## महिला होना गर्व की बात, समाज में लायें सकारात्मक बदलावः एसपी

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन का आयोजन
- डीसी ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया, एसपी ने दिलाई शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को सम्मानित करते डीसी शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं द्वारा समाज में दिए योगदान, उनके संघर्ष और उनकी चुनौतियों की याद दिलाता है। महिलाएं हम सभी के लिए खास हैं। प्रत्येक घरों में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है। इसमें महिलाओं का विशेष स्थान होता है, जो परिवार को संभालकर चलती हैं। गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिलाओं का आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की उनकी ललक से प्रतीत होता है कि उन्हें अवसर मिले, तो वो बुलंदियों पर पहुंचेगी। उक्त बातें डीसी शशि रंजन ने कही। वे शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जिसका आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी की ओर से स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में किया गया था। इस सअवसर पर डीसी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के लिए भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया। वहीं एसपी रीष्मा रमेशन ने सभी को शपथ दिलाई। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से संबंधित एक लघु फिल्म प्रसारित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका,सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका को सम्मानित भी किया गया। डीसी ने महिलाओं से तकनीकी एवं आर्थिक रूप से मजबूत होने और अपने घर एवं समाज के विकास के लिए निर्णायक की भूमिका में रहने का आह्वान किया। पानी की समस्या का उदाहरण देते हुए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना सहित सरकार की ओर से संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला उत्थान एवं उनकी सुरक्षा पर बल दिया। वहीं, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि महिला होना गर्व की बात है। विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की ओर से भी महिलाओं का काफी सहयोग मिल रहा है। कहा कि सरकार की योजनाओं से अबतक जो नहीं जुड़ पाई हैं, उन्हें भी जोड़ा जाएगा। महिलाओं के उत्थान में पुरूषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है। महिला सशक्त समाज की पहचान है।

### पलामू में 602 महिलाएं ले रहीं फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान का लाभ : डीपीएम

जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को विभिन्न क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। बताया कि पलामू जिले में 18990 समूह से जुड़कर महिलाएं अपने सपनों को पंख दे रही हैं। उन्होंने लैंगिक भेदभाव आधारित महिला/किशोरी हिंसा और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता एवं रोकथाम के लिए विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूकता लाया जा रहा है। कहा कि पलामू की 602 महिलाएं फूलो-झानो आशीर्वाद योजना का लाभ ले रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ पाकर महिलाएं मजबूत हो रही हैं तथा परिवार व समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा सहित बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं एवं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका उपस्थित रहीं।

## मांगें पूरी नहीं हुई तो होगा व्यापक आंदोलनः डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज की मांग को लेकर खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने शनिवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल किया। उनके समर्थन में स्थानीय लोगों ने भी स्टेशन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गढ़वा रोड जंक्शन रेलवे को पलामू प्रमंडल में सबसे ज्यादा राजस्व देता है। इस हिसाब से इस स्टेशन को सुविधा भी ज्यादा मिलनी चाहिए। रेहला वासियों के लिये फुट ओवर ब्रिज की मांग वर्षों पुरानी है। अगर यह मांग जल्द पूरी नहीं की गयी तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। कहा कि आज का आंदोलन तो सांकेतिक है।



वहीं, खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने कहा कि गढ़वा रोड जंक्शन रेहला शहर में स्थित है। रेल पटरियां रेहला शहर के बीचों बीच से गुजरी है। जिस कारण रेहला शहर दो भागों में बंट गया है। इससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। अगर एक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण हो जाये तो स्थानीय लोगों की समस्या दूर हो जायेगी। फूट ओवर ब्रिज निर्माण के लिये रेल के आलाधिकारियों से पिछले 10 वर्षों में कई बार लिखित मांग की गयी, लेकिन आज तक निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी। इसी लिए बाध्य होकर आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ा। इस दौरान आंदोलनकारियों ने स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार को मांगपत्र सौंपा। इस पर सतीश कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को रेल विभाग के आलाधिकारियों तक पहुंचा दिया जायेगा। इसके बाद शाम पांच बजे डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी और स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से जूस पिलाकर ललन प्रसाद पांडेय का भूख हड़ताल को समाप्त कराया। इस मौके पर समाजसेवी रंजीत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, अधिवक्ता सुधीर चौबे, पंकज कुमार लाल, मंगल गुप्ता, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, विकाश चौबे, प्रमोद दीक्षित, अनिल सिंह, कश्यप चौबे गुड्डू, सुशील पांडेय, अख्तर अंसारी, मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, संजू सिंह, उदेश्वर यादव, रासबिहारी तिवारी, धीरन तिवारी, श्याम चंद्रवंशी, सुरेश पांडेय, असलम बहादुर, विजय दीक्षित, बबन पाठक एवं रामनाथ कश्यप आदि मौजूद थे।

## माटी कला बोर्ड में विधवा सम्मान समारोह आयोजित

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के कोऑपरेटिव चौक पर स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में पहल ट्रस्ट की ओर से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को विधवा सम्मान समारोह का आयोजन किया किया। जिसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार और शिवशंकर प्रसाद मौजूद रहे। अपने संबोधन में नीता चौहान ने कहा कि सरकार पुनर्विवाह करने के लिए इक्षछुक महिलाओं को दो लाख रूपए का सहयोग प्रदान करती है। आप सभी इसका लाभ जरूर उठाएं। वहीं, बिमला कुमारी ने कहा कि आप सभी समाज के अभिन्न अंग है। अपने महत्व को समझे और मुसीबतों का डटकर सामना करे। बिना महिलाओं के किसी भी व्यक्ति का घर संपूर्ण नहीं हो सकता है। अतः उच्च शिक्षा प्राप्त कर पुरुषों से आगे निकलकर उन्हें अपने बेहतरी से जवाब दीजिए।

## हुसैनाबाद के देवरी खुर्द में महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# महिला सशक्तिकरण से ही पंचायत का विकास संभव : एसडीएम

## महिलाओं की सुरक्षा पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य : एसडीपीओ

## आज की महिलाएं विकास के हर क्षेत्र में आगे हैंः मुखिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित एसडीएम गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब और मुखिया ममता देवी आदि ने संयुक्त रूप से देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले, रमाबाई अम्बेडकर, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी आदि के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन अजित ओझा ने किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि मुझे इस गांव-पंचायत में महिलाओं की उपस्थिति यह बताने के लिए काफी हैं कि यहां की महिला




कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीपीओ एवं अन्य गणमान्य लोग।

कितनी जागरूक हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव और वार्ड सदस्य सभी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की स्वतंत्रता देना हम सभी का काम हैं। बिना उनके जागरूकता के पंचायत का विकास संभव नहीं हैं। वहीं, एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। हुसैनाबाद पुलिस इसके लिए कटिबद्ध हैं। मुखिया ममता देवी ने कहा कि समाज में आज भी कुछ गलत मानसिकता के लोग रहते हैं जो नारियों को कमजोर और बेवस समझते है। पर इससे इतर राजनीतिक, सामाजिक सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपने कौशल और वीरता का लोहा मनवाया हैं। इसलिए नारियों को कमजोर समझने का समय नही हैं। इस मौके पर पंचायत सचिव परमहंस कुमारी, उपेंद्र मेहता, सतेंद्र मेहता, धर्मशीला देवी, बबिता देवी, गीता शर्मा, सुमन कुमारी, प्रतिमा देवी, रुबी देवी और ललिता देवी आदि उपस्थिति थीं।

### नाटक मंचन को अधिकारियों ने सराहा

महिलाओं ने भ्रूण हत्या, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, महिला शिक्षा क्यो जरूरी हैं, डायन बिसाही एवं भूत प्रेत सहित घरेलू हिंसा से आज गांव के लोग कैसे पीड़ित हैं एवं उनके प्रति नजरिया में समाज को बदलाव लाने को लेकर एक से बढ़ कर एक नाटक और गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। जिसकी एसडीएम और एसडीपीओ सहित सभी गणमान्य लोगों ने सराहना की। इस मौके पर नाटक मंचन एवं गीत प्रस्तुति में सोनम देवी, प्रीति कुमारी, धर्मशीला देवी, गीता देवी, सुनीता देवी आदि शामिल थीं।

## नारी को सम्मान और उसके साथ समता का व्यवहार करने की जरूरतः बीनू सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला अवधेश कुमार सिंह कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'महिला सशक्तिकरण की चुनौतियां' विषय पर एक दिवसीय छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद के समाजसेवी बीनू सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रिंकी कुमारी और पुष्पा कुमारी ने किया। इस अवसर पर मुसर्रत प्रवीण, प्राजक्ता कुमारी, दिव्या कुमारी, शशि रंजन, गुलाम सरवर आदि स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वहीं, एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण जरूरी है, पर यह नाकाफी है। जरूरत है नारी मुक्ति के लिए समग्र चिंतन एवं आंदोलन की। जब तक नारी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं दिमागी गुलामी से मुक्त नहीं होगी, तब तक पितृ सत्ता के जंजीरों में कैद रहेगी। समाजसेवी बीनू सिंह ने कहा कि हमें नारी को सम्मान देने और उसके साथ समता का व्यवहार करने की जरूरत है। वहीं, क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी और राष्ट्रीय युवा दिवस के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रोफेसर शशि भूषण सिंह, डॉक्टर शिवकुमार विश्वकर्मा, डॉ अजय कुमार सिंह, प्रोफेसर मुकेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, प्रधान लिपिक अखिलेश कुमार सिंह, विवेक कुमार एवं प्रिंस कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## सीओ और नगर पंचायत ने मुख्य बाजार में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने का कार्य शनिवार से शुरू कर दिया गया है। जिसका नेतृत्व सीओ पंकज कुमार ने किया। इस दौरान सीओ ने जेपी चौक और अंबेडकर चौक से मुख्य बाजार होते हुए महाबीर भवन तक पथ के दोनों किनारे अवस्थित नालियों पर से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सड़क के दोनों किनारे घूम-घूम कर अतिक्रमण हटवाया। उन्होंने अतिक्रमणकारियों से कहा कि स्वेच्छा से सरकारी नाली एवं सड़क किनारे लगाए पेवर ब्लॉक पर से अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा और अनुपालन नहीं करने वाले दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने का खर्च भी वसूला जाएगा। उन्होंने सड़क से ठेला-खोमचा लगाने वाले फुटपाथी दुकानदारों को सख्त लहजे में मुख्य सड़क के बाहर ठेला लगाने का निर्देश दिया है। वहीं, नगर पंचायत प्रशासन ने भी अंबेडकर चौक पर लगे ठेले को हटवाया और माइकिंग करवाकर यथाशीघ्र दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला-बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कॉलेज सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव डॉ शशि नाथ चौबे और संचालन प्रो अस्मिता पांडेय ने किया। इस दौरान कॉलेज की महिला कर्मियों सहित कई छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। सचिव डॉ शशि नाथ चौबे ने कहा कि महिला दिवस मनाने की सार्थकता तब साबित होगी जब सभी लोग महिलाओं को हृदय से सम्मान देना शुरू कर देंगे। उन्हें सामान अधिकार देना शुरू करेंगें। समाज में उनकी उपलब्धियों को बताते हुए महिला शक्तिकरण की दिशा में कार्य करें। वहीं, प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि महिलाऐं आज हर क्षेत्र में अपनी महती भूमिका निभा रही हैं। आधी आबादी आज देश के आन, बान शान की प्रतीक बन चुकी है। प्रो स्मिता पांडेय ने कविता के माध्यम से महिलाओं की क्षमता को प्रदर्शित किया। मौके पर प्रो ज्योति कुमारी, कुमारी संगीता, आशा कुमारी, शबनम निशा, फूल कुमारी, अर्चना मिश्रा, मधु ओझा, शताक्षी सिंह, संगीता कुमारी, डॉ श्याम मिश्रा, सुनील यादव, कृष्ण कुमार चौबे, संतोष शुक्ला, टीपी तिवारी, अमित कुमार, दिलीप चौबे, रामेश्वर राम, गुंजन पासवान, नरेंद्र मिश्रा, विनय कुमार, सुनील कुमार, आशीष पांडेय, सुधीर यादव, रेखा शर्मा, रूपांजलि कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## होली को विश्रामपुर थाने में शांति समिति की बैठक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** होली महापर्व को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनों समुदाय के लोग ने होली-रामनवमी शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुलकर मनाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता सीओ राकेश तिवारी और संचालन एसआई शिवनाथ रंजन ने किया। सीओ ने कहा कि मिलजुलकर पर्व मनाने से उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे का प्रतीक है। एसआई शिवनाथ रंजन ने कहा कि कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। किसी भी अफवाह में नहीं पड़ें। वैसे पुलिस भी शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। बैठक में जिला पार्षद विजय रविदास, एसआई प्रदीप कुमार शर्मा, इदरीश हवारी, राजस्व कर्मचारी धर्मराज मिश्रा, निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, देवनारायण सिंह, समाजसेवी विजय कुमार रवि, सफी आलम, एएसआई भगवान सिंह, बिनोद राम, ठाकुर दास महतो, शमशेर अंसारी, कृष्णा केशरी, गोपाल सोनी सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के पास दो दुकानदारों के बीच मारपीट



सांकेतिक तस्वीर।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम स्मारक स्थल के बाहर लगने वाले फल दुकान के दुकानदारों के बीच शनिवार को दिन के 2 बजे जगह को लेकर विवाद हो गया। दोनों दुकान के कर्मचारी के बीच हाथापाई हो गया। पूरब दिशा में लगे दुकान के कर्मचारी बजरंग साहु ने दक्षिण दिशा में लगे फल दुकान के स्टाफ सुजीत साहु के सिर पर लकड़ी से वार कर दिया। जिससे सुजीत साहु का सिर फट गया। सामने चाय दुकान में बैठे ठेकेदारों की मदद से घायल सुजीत को सदर अस्पताल गुमला भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी छुट्टी कर दी गयी। दो दुकानदारों व कर्मियों के बीच आए दिन होने वाले लड़ाई झगड़ा को देखते हुए स्थानीय लोगों ने अल्बर्ट एक्का स्मारक स्थल परिसर से दुकान हटाने की चेतावनी दी है। कहा कि यह चौराहा है और वाहनों को मोड़ने आदि में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने मोड़ में दुकान लगाने से मना किया है। बता दे कि उनके दुकान लगने से परमवीर अल्बर्ट एक्का का प्रतिमा भी लोगों की नजर में नहीं आता है।

# सरकार के आय-व्यय को जानना महिला मंडल का अधिकार : सुखदेव भगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सरना मैदान में महिला विकास मंडल का दसवां महाधिवेशन धूमधाम से आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित, झंडोतोलन किया गया साथ ही महिला मंडल की सदस्यों ने मशाल जुलूस निकाला। महाधिवेशन के मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने इस अवसर पर कहा कि सबसे ज्यादा काम महिलाएं ही करती है जो पहले गांव घर तक रहती थी आज उन्हें जेएसएलपीएस, प्रदान, एमवीएम के सहयोग से अच्छा प्लेटफॉर्म मिल रहा है और घर से निकल कर अच्छा कार्य कर रही है। सोनिया गांधी के द्वारा महिलाओं को लेकर एसएचजी ग्रुप का जो पहल किया गया था वो आज झारखंड समेत पूरे भारत मे देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी कार्यालयों समेत बैंक के



पदाधिकारियों को कहा कि आपलोग अधिक से अधिक स्थानीय भाषा मे लोगो को सरकार द्वारा लोगो खासकर महिलाओं के हित मे चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। महिला मंडल को जीरो बेलेंस में खाता खोलने को समझाया गया। उन्होंने कहा कि आपको अधिकार है कि आप सरकार के आय व्यय को जाने, हम स्थानीय सरल सीधे है पर बेवकूफ नही है हम आपके अधिकार का हनन नही होने देंगे। उन्होंने महिला मंडल के नाम पर कार्य करने वाले संगठनों को चेतावनी देते हुए कहा कि महिला मंडल के नाम पर कार्य करने वाले संगठन यदि हेराफेरी ओर धोखाघड़ी करेंगे तो हम उन्हें छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि वे फिर आएंगे और नये बनाये गये महिला ग्रुप, बैंक पदाधिकारियों को बैठाकर सभी नये बने ग्रुप को दो से तीन लाख दिलायेंगे ताकि वे इसका उपयोग कर आजीविका चला सके।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज लोग बाल विवाह, नशापान का शिकार हो रहे है,आज समाज मे ये कुरीति हमारे विकास में बाधा उत्पन्न कर रहे है। आज हम परिवार चला रहे है तो कुछ लोग हम महिला पर लोग कलंक लगाने का कार्य करते है।

बतौर विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग ने कहा कि महिला मंडल को मैं 2010 से देख रही हुं जब महिला मंडल का स्थापना कर दीदिया चाय दुकान चलाती थी और आज 15 वर्ष बाद आज महिला मंडल की प्रगति देखकर खुशी होती है। हम महिलाओं को एकजुट बनाये रखने की जरूरत है।लेकिन दुख की बात है कि नशापान को हम बढाते है और हमारे ही बच्चे आज बर्बाद हो रहे है। हमे आर्थिक के साथ सामाजिक और नैतिक विकास करना भी अतिआवश्यक है।

कार्यक्रम में बसिया महिला मंडल की अध्यक्ष नीलमणि टोप्पो के द्वारा महिला विकास मंडल बसिया के 2023 -24 का प्रगति पत्र को प्रस्तुत किया गया।

# लायंस क्लब ने मनाया महिला दिवस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब योग परिवार की महिला के साथ महिला दिवस मनाया महिला की प्रशंसा की गई उनको सम्मान दिया गया नारी को शक्ति स्वरूपा माना जाता है और सशक्त नारी से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। नारी जननी है, प्रकृति है, शक्ति है, आराध्य है, जीवन का रूप है मातृत्व शक्ति को नमन करते है और हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय दिवस 8 मार्च को मनाया गया डॉक्टर शंकर लाल जाजोदिया ने बताया की एक महिला दो घरों को शिक्षा देती है एक अपना घर दूसरा मायके का घर आज महिला आज राष्ट्रपति मुख्यमंत्री डॉक्टर डीसी एसडीओ का वीडियो का भार संभालती है अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है. महिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ होती हैं, बल्कि वे देश, समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. पूर्व अध्यक्ष डॉ शंकर लाल जाजोदिया पवन अग्रवाल शिवलाल गोंझु योगेंद्र साहू विशाल कुमार बिट्टू शिवकुमार सोनी राजलक्ष्मी आनंद तथा योग परिवार से संजय साहू जयकांत जी कृष्ण कुमार सोनी वर्मा जी उपस्थित थे।

# बाइक और बोलेरो की टक्कर में एक की मौत




**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के मांझाटोली पावर हाउस के पास शुक्रवार रात्रि हुई बाइक और बोलेरो के आमने सामने भिड़ंत में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। मृतक की पहचान अमित कुजूर पिता स्व. अंधरियस कुजूर उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार रात्रि में दुर्घटना होने के बाद गंभीर रूप से घायल को रायडीह से सदर अस्पताल गुमला ले जाया गया था जहां से उसे रांची रेफर किया गया था लेकिन बीच रास्ते में ही घायल ने दम तोड़ दिया। इसके बाद गुमला वापस लाकर पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक रायडीह प्रखंड में संचालित पहल परियोजना में कार्य करता था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 28031 वादों का निपटारा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उच्च न्यायालय के न्याय मूर्ति सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। माननीय न्यायमूर्ति में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता करते हुए महिलाओं को सशक्त रहने की बात कही। गुमला में भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ध्रुव चंद्र मिश्र के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए 10 बेंचो का गठन किया गया था।

मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत मामलों को सुलझाने का त्वरित तथा सबसे सस्ता प्लेटफॉर्म है। जहां विवाद दोनों पक्षों की सहमति से खत्म होता है तथा लोक अदालत से समाप्त मामलों का अपील भी नहीं होती है। उन्होंने लोगों से इस फोरम का उपयोग अपने मामलों के त्वरित निपटारे के लिए करने का आग्रह किया ताकि न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाले समय की बचत हो सके। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ओमप्रकाश ने कहा कि वर्ष में चार बार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है जिसे लोग लाभ उठायें।

एडीजे प्रथम श्री प्रेम शंकर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों को निपटारा कर खुशी-खुशी अपने घर जायें। सुलहनीय वादों के निष्पादन के लिए उच्चतम न्यायालय से लेकर सिविल कोर्ट तक राष्ट्रीय लोक अदालत आज सभी जगह लगाया जा रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 28031 मामलो का निष्पादन किया गया जिसमे 2245 पेंडिंग केसों का निष्पादन किया गया।

# बजरंग दल के यशराज सिंह ने किया रक्तदान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला परिसर के ब्लड बैंक बजरंग दल गुमला के यशराज सिंह ने अति आपातकालीन स्थिति में रक्तदान कर सदर अस्पताल में इलाजरत 1 वर्ष के बच्चे की सहायता की। उन्होंने सभी युवा पीढ़ी से अपील की सभी स्वस्थ लोग तीन-चार महीने के अंतराल में रक्तदान कर मरीज की सहायता करें क्योंकि रक्त का कोई दूसरा विकल्प है ही नहीं। मौके पर मुकेश सिंह, रविंद्र सिंह, लैब टेक्नीशियन अंजू कुमारी मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

# गुमला में 60 लीटर महुआ नष्ट



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार शनिवार को उत्पाद अधीक्षक गुमला के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में गुमला बाजार टांड़ और बस स्टैंड में अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम हेतु छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में कुल 60 लीटर अवैध महुआ शराब एवं करीब 40 लीटर हडिया घटनास्थल पर ही नष्ट किया गया। साथ ही बेचने वाले लोगों को चेतावनी दी गयी की दोबारा अवैध रूप से शराब की बिक्री किये जाने पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बता दे की बीते दिनों बाजार में अवैध शराब बिक्री को लेकर प्रमुखता के साथ खबर छापी गयी थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अधीनस्थों को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

# विहिप ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के बड़ा दुर्गा मंदिर में शनिवार की अपराह्न 3 बजे विश्व हिंदु परिषद जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा के अध्यक्षता में जिला स्तरिय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से विश्व हिन्दु परिषद के प्रांत मंत्री मिथलेश कुमार मिश्रा, विभाग मंत्री केशवचन्द्र साय, विभाग संगठन मंत्री, कुलदीप सिंह, विभाग सह संयोजक मुकेश सिंह, मनीष बाबु, जिला मंत्री संतोष कुमार यादव, जिला संयोजक अशोक सिंह, जिला सत्संग प्रमुख सह: पुर्णकालिक छोटु प्रधान, जिला गौ रक्षा प्रमुख अरुण कुमार पांडा, जिला अचक पुरोहित प्रमुख, रविन्द्र सिंह सहित सैकड़ो विश्व हिंदु परिषद, बजरंगदल के कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए, तथा होली मिलन का कार्यक्रम भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मिथिलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे हिन्दु सनातन धर्म होली जैसे पावन त्योहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, अयोध्या में भगवान श्री राम जी का मंदिर का निर्माण होने के बाद श्री राम जी विराजमान हुए हैं। अब काशी मथुरा में भव्य मंदिर का निर्माण होना बाकी है। उन्होंने कहा की हमारी धर्म के साथ साथ अपनी परम्परा सभ्यता को भी बचाना है। विश्व हिन्दु परिषद, बजरंगदल का बैठक एवं विषेश कार्य क्रम में सदस्य धोती खलिता तथा बहनें साड़ी पहन कर ही शामिल होंगे। जिससे हमारी अलग ही पहचान बनेगी। सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर रंग अबिर लगाया और हिन्दु संगठन एकता का परिचय दिया।

# पेंशनर समाज ने महिलाओं को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक समाज के जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बैठक में विभिन्न प्रखंडों से उपस्थित महिला पेंशनधारकों का अध्यक्ष द्वारा अभिनंदन करते हुए बताया गया कि मौजूदा दौर में महिलाएं पुरुषों के समतुल्य है। शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान हो सभी क्षेत्रों में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। सचिव महावीर प्रसाद मिश्र के द्वारा बताया गया कि महिलाएं देवी स्वरुपा होतीं हैं, जिनका यथोचित सम्मान किया जाना चाहिए। बैठक में महिला पेंशनधारकों को दिये गये सम्मान से अभिभूत समाज की वरिष्ठ सदस्या मेझरेन मिंज के द्वारा समाज का आभार व्यक्त किया गया।

बैठक में कामडारा प्रखंड से उपस्थित चन्द्र मोहन बड़ाइक के द्वारा समाज की सदस्यता ग्रहण किया गया। सचिव के द्वारा त्रैमासिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि किसी भी संगठन को सशक्त रुप से चलाने में आर्थिक रुप से संबल होना अनिवार्य होता है, इस दृष्टि से उन्होंने समाज में अधिक से अधिक पेंशनधारकों को जोड़ने का आग्रह आगत सदस्यों से किया।

झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यकर्मियों एवं पेंशनधारियों को भविष्य में दिये जाने वाले स्वास्थ्य बीमा के सन्दर्भ में सदस्यों द्वारा जिज्ञासा व्यक्त किये जाने पर सचिव के द्वारा बताया गया कि इस आशय की अधिसूचना निर्गत होने के बाद हीं स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। बैठक के अंत में सिसई प्रखंड के पेंशनर हाबिल कुजूर के निधन पर एक मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

# ओम प्रकाश गोयल के निधन पर खेल प्रेमियों और समाजसेवियों ने जताया शोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** स्वर्गीय ओम प्रकाश गोयल के आकस्मिक निधन पर स्पोर्ट्स अकैडमी गुमला के संयोजक सैयद जुन्नु रेन के आवासीय परिसर में खेल प्रेमियों व विभिन्न समुदाय के समाजसेवियों द्वारा शोक सभा अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। उनकी आत्मा की शांति के लिए जुन्नु रेन के आवासीय परिसर में समाजसेवी और खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक के अध्यक्ष मोहम्मद कलीम अख्तर भी मौजूद थे उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गोयल सभी समुदाय के लोगों के से मिलना जुलना एवं मधुर संबंध रखे हुए थे खेल एवं समय खेल एवं सामाजिक सुधार बनाये रखने में वह हमेशा सबों का सहयोग करते थे आज हम सबों की उनकी कमी जरूर खलेगी। वहीं कांग्रेस नेता आफताब आलम लाडले ने भी शोक शोक सभा आर्बिट कर उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण मैं शामिल हुए। वहीं समाजसेवी अतौर रहमान अंसारी ने कहा कि समाज सेवा के लिए वह हमेशा तत्पर रहते थे वह बिना भेदभाव के हर मुमकिन मदद के लिए मार्गदर्शित करते रहते थे। इस मौके पर स्पोर्ट्स अकादमी के प्रभारी समाजसेवी सैयद जुन्नु रेन ने कहा गुमला के हर दिल अजीज भाजपा नेता समाजसेवी श्री ओम प्रकाश गोयल के निधन पर स्पोर्ट्स अकैडमी गुमला काफी मर्माहत है उनके निधन से समाज एवं खेल जगत में जो एक खालीपन सा आ गया है उसे पूरा करना तो अब संभव नहीं लेकिन उनकी यादों का जो चिराग है उसे हम रोशन जरूर रखेंगे

# उत्कल ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष चितरंजन मिश्र और सचिव सुबोध कुमार दास बने



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट रोड़ स्थित उत्कल पोइंट के प्रागंण में उत्कल ब्राह्मण परिषद शाखा गुमला की आचितरंजन मिश्रम बैठक अयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष राजेंद्र महापात्र ने की। बैठक के प्रारंभ में शाखा अध्यक्ष द्वारा पिछले तीन वर्षों के कार्यवृत्त की जानकारी दी गयी। साथ ही वर्तमान समिति को भंग करने की घोषणा की गयी। नयी समिति के गठन के लिए शाखा के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद मिश्र को पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया एवं उन्हीं के संचालन में उत्कल ब्राह्मण परिषद की गुमला शाखा के नये पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। नये सत्र हेतु चितरंजन मिश्र को अध्यक्ष, क्रमश: सुजीत कुमार नन्द एवं लखन कुमार मिश्र को उपाध्यक्ष, सुबोध कुमार दास को सचिव, श्याम कांत मिश्र को सह सचिव तथा संजय महापात्र को कोषाध्यक्ष चुना गया।इसके अतिरिक्त ग्यारह कार्यसमिति सदस्यों का मनोनयन भी किया गया।नयी समिति के पदाधिकारियों द्वारा आगामी 12 मार्च को भव्य रुप से होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। नवनियुक्त सचिव सुबोध कुमार दास के द्वारा बताया गया कि समारोह संध्या 6 बजे से आरंभ होगा, जिसमें समाज के सभी लोग सपरिवार शिरकत करेंगे। बैठक के अंत में सभी नवचयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा संपन्न कराया गया।

# महिला कारीगरों के बीच सेफ्टी किट का वितरण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम कंसारी, मोहल्ला पालकोट, प्रखंड पालकोट, जिला गुमला के कांसा एवं पीतल के बर्तन निर्माण करने वाली महिला कारीगरों के बीच सेफ्टी किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन गुमला, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड गुमला तथा उरफहिंडालको के सौजन्य से आयोजित किया गया।दक्षिणी पालकोट पंचायत की मुखिया श्रीमती जसिंता मिंज के द्वारा महिला कारीगरों को सेफ्टी किट वितरित की गई। इस अवसर पर प्रखंड उद्यमी समन्वयक, सूरज महतो ने बताया कि इस सेफ्टी किट के माध्यम से कारीगरों को अपने उत्पाद निर्माण में अधिक सुविधा होगी एवं वे स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपने कार्य को सुचारू रूप से कर सकेंगी।कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया श्रीमती जसिंता मिंज, प्रखंड उद्यमी समन्वयक श्री सूरज महतो, तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स



हॉकी ने मुझे आत्मविश्वास दिया और चुनौतियों से जूझने की शक्ति दी। आज, मैं एक ऐसी टीम का नेतृत्व कर रही हूं : सलीमा टेटे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों ने सुनायी अपने संघर्ष की प्रेरक कहानियां

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका और मिडफील्डर लालरेमसियामी ने खेलों में महिलाओं की शक्ति, अपने संघर्षों और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विचार साझा किए। उनकी कहानियां न केवल खेल जगत में उनके दृढ़ संकल्प और साहस को दशार्ती हैं, बल्कि देश में महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी को भी रेखांकित करती हैं।

**छोटे से गांव से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का सफर : सलीमा टेटे**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने झारखंड के एक छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक का सफर तय किया है। महिला सशक्तिकरण पर बात करते हुए उन्होंने कहा, साधारण पृष्ठभूमि से होने के कारण मैं जानती हूं कि सामाजिक बाधाओं को पार करना क्या होता है। मैंने लकड़ी की हॉकी स्टिक से खेलना शुरू किया था, लेकिन इससे मेरे बड़े सपने देखने की हिम्मत कम नहीं हुई। हॉकी ने मुझे आत्मविश्वास दिया और चुनौतियों से जूझने की शक्ति दी। आज, मैं एक ऐसी टीम का नेतृत्व कर रही



हूं जो अनगिनत युवा लड़कियों को खेल में करियर बनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

**बाधाओं को पार करने और अपनी शक्ति पर विश्वास करने की प्रेरणा : दीपिका**

हरियाणा के हिसार की रहने वाली दीपिका ने भी अपने संघर्षों और खेल में आगे बढ़ने की कहानी साझा की। उन्होंने कहा, ₹मैंने 2012 में कुश्ती अभ्यास के रास्ते में पहली बार हॉकी स्टिक उठाई थी। तब मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं भारतीय टीम का हिस्सा बनूंगी। मेरे परिवार, खासकर मेरे पिता ने हर स्थिति में मेरा साथ दिया, भले ही लोगों ने मेरे हॉकी खेलने के फैसले पर सवाल उठाए।

महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए दीपिका ने कहा कि यह जरूरी है कि महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें। हमें कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन हमारे प्रयास और दृष्टिकोण हमारे सफर को परिभाषित करते हैं। हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए, कड़ी मेहनत करनी चाहिए और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए। किसी भी मुकाम तक पहुंचने के लिए समय लगता है, लेकिन समर्पण और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**मिजोरम से भारत के लिए खेलने तक का सफर: लालरेमसियामी**

मिजोरम की पहली महिला ओलंपियन लालरेमसियामी ने भी अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा साझा की। उन्होंने कहा कि मिजोरम से निकलकर ओलंपिक्स में खेलना सिर्फ मेरे लिए ही नहीं, बल्कि मेरे पूरे समुदाय के लिए गर्व की बात थी। भाषा की समस्या और नए माहौल में ढलना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हॉकी हमेशा मेरे लिए एक सेतु की तरह रही, जिसने मुझे आगे बढ़ने में मदद की। 2019 के एफआईएच सीरीज फाइनल्स (हिरोशिमा, जापान) के दौरान लालरेमसियामी को अपने पिता के निधन की खबर मिली, लेकिन उन्होंने टीम के साथ रहने और मैच खेलने का फैसला किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



### तीन लाख छह हजार 583 वादों का शुरुआती चार घंटे में हुआ निपटारा

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक अरब 38 करोड़ 26 लाख की रिकवरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर इस साल के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत का शनिवार को शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी और डीसी सह डालसा के वाइस चेयरमैन माधवी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत संविधान की परिकल्पना को पूरी करने की दिशा में एक कदम है। नवंबर 2013 से पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हर तीन महीने में किया जा रहा है। हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। वहीं, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोगों में प्रेम, शाति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। जबकि अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रोशन ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ ही वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है।



राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित डालसा के गणमान्य लोग।

### तीन लाख से अधिक वादों का निपटारा

अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 14 बेंच का गठन किया गया था है। जिनकी ओर से विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। शुरूआत के चार घंटे यानी दोपहर दो बजे तक ही कुल तीन लाख छह हजार 583 विभिन्न तरह के विवादों का निपटारा कर दिया गया। इसमें दो लाख 75 हजार 412 प्रिरलेटिगेशन मामले और 31 हजार 171 विभिन्न तरह के लंबित मुकदमे निष्पादित किए गए। इनसे कुल एक अरब 38 करोड़ 26 लाख 49 हजार 932 रुपए की रिकवरी भी की गई। उन्होंने शाम चार बजे तक इस आंकड़े की और बढ़ने की भी उम्मीद जताई। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी हसन, एसएन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, रजनीकांतपाठक, कुलदीप, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज आइजेड खान, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडेय, रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार, ऋषि कुमार, स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट आफिसर आरएन ठाकुर, स्टेट बैंक के रिजनल मैनेजर निर्मल कुमार, डिप्टी जीएम विकास रंजन पटनायक, बीओआइ के पवन कुमार भारती, कंज्यूमर फोरम की सदस्या शिप्रा, डालसा के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम आदि उपस्थित थे।

# मां अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में छापामारी, सेंटर-यूएसजी मशीन सील



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम की ओर से शनिवार को धनबाद के बलियापुर स्थित मां अस्पताल के डाइग्नोस्टिक सेंटर में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा मां डाइग्नोस्टिक के अल्ट्रा साउंड सेंटर में अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड करते पकड़ा गया, जो पीसी एंड पीएनडीटी के नियमों का उल्लंघन है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन एवं डीसी द्वारा गठित पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने उस सेंटर और यूएसजी मशीन को सील कर दिया। टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ विकास कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश ईन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम, एवं एनजीओ से नीता सिन्हा शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित




**कतरास (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा की अध्यक्षता में एक सादा समारोह आयोजित कर महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में न्यू आकाशकिनारी कोलियरी के सहायक प्रबंधक खनन तृप्ति मौर्य, महेशपुर कोलियरी में कार्यरत शयाति देवी आदि शामिल है। तृप्ति मौर्य को भारत सरकार के खनन मंत्रालय की ओर से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस मौके पर क्षेत्रीय सलाहकार समिति और गोविंदपुर कार्यालय के विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अवधेश कुमार ने किया।


**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़**

**शुद्धि–पत्र**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़ द्वारा प्रकाशित अति–अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- **NIT/RGH/NP/23/2024-25** जिसका PR No.-346779 District 24-25(D) के द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसमें निविदा की तिथि का आंशिक संशोधन किया जाता है जो निम्न प्रकार है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र विक्रय की तिथि | :– | दिनांक : 17-03-2025 से 19-03-2025 अपराहन 04:00 बजे तक। |
| 2 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 22-03-2025 पुर्वाहन 04:00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | दिनांक :24-03-2025 अपराहन 12:00 बजे से। |

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 348156 (District)24-25*D


# महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना मुख्य उद्देश्य है : नित्यानंद



**जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने महिलाओं को किया सम्मानित**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बलियापुर बायपास रोड के कोला कुसमा में स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेपी हॉस्पिटल और जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यरत महिलाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं की उन्नति, उत्थान एवं मरीजों की दिन-रात सेवा के लिए प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर डॉक्टर मिमी मंडल और प्राचार्या ने संयुक्त रूप से केक काटा। जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च एवं जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्हें सम्मानित करना है। इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर डॉक्टर मिमी नित्यानंद मंडल ने कहा यह दिन महिलाओं के साथ समानता और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष की याद दिलाता है। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। सबसे खास बात भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरुप माना गया है। जीपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च एवं जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा कि महिलाएं पुरुषों के अनुरूप हर क्षेत्र में अलग पहचान बना रही है।

# बेटियों को प्रसिद्धि हासिल करने के लिए उनके हौसलों को दें उड़ान: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** बेटियों को प्रसिद्धि अर्जित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए हर माता-पिता को उनके हौसले को उड़ान देनी चाहिए। समाज में यह गलत धारणा है कि बेटा ही परिवार का सहयोग करेंगे। जबकि वर्तमान परिस्थितियों में देखा गया है कि बेटियां अपनी कड़ी मेहनत और लगन से आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। मुसीबत में माता पिता और परिवार का सहारा बन रही है। उक्त बातें डीसी माधवी मिश्रा ने कही। वे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला समाज कल्याण शाखा की ओर से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम को लेकर आयोजित समारोह में बतौर मुख्या अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपनी बेटियों को उचित मार्गदर्शन दें। आगे बढ़ने के लिए सहयोग करें। उन्हें अच्छी शिक्षा दें। शिक्षा ही बेटियों को इस दुष्चक्र से बाहर निकालेगी। डीसी ने सभी बेटियों को जीवन में अपना लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत करने, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का भी आह्वान किया। कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी तभी आत्मनिर्भर बनेगी। परिवार और समाज में उनकी कद्र होगी। वहीं, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि महिलाएं खुद को कभी कमजोर ना समझें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत स्वयं अपने घर से करें। बेटियों को मजबूत बनाएं। बेटियों के माध्यम से अपने अधूरे सपने पूरा करें। इस अवसर पर सिटी एसपी अजीत कुमार ने महिलाओं को निडर बनने, आत्मविश्वास बढ़ाने, अपनी शक्ति को पहचानने और वैचारिक रूप से श्रेष्ठ समझने का आह्वान किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उपायुक्त, सिटी एसपी, जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य अतिथियों को मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समर्पित कला मंच के कलाकारों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बहुत ही मार्मिक नाटक पेश किया। निर्देशक हारून रशीद के निर्देशन में एसएम मेहंदी, सेराज खान, रेशमा बानो, सुनीला कुमारी, मो अफरीदी, सना परवीन, मो शाहिद व पंकज मिश्रा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। वहीं, 16 सेविका एवं 15 महिला पर्यवेक्षिका को सम्मानित किया गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WATER WAYS DIVISION NO.2, HAZARIBAG.**

**Very Short e-Procurement Tender Notice No.- 14/2024-25- D.M.F.T.**

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Various Construction Works for Renovation of Primary School, Beladohar under Barhi Block | 55,83,750.00 | 3 Months |
| 2. | Various Construction Works for Renovation of Govt. Middle School, Bendgi under Barhi Block | 60,77,410.00 | 3 Months |
| 3. | Various Construction Works for Renovationof Upgraded Primary School, Bhagwanbagi under Barkagaon Block | 61,13,780.00 | 3 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 12.03.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 22.03.2025 up to 4:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 22.03.2025 up to 4:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 24.03.2025 at 05:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division No.2, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-298163, 7903709450 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eewwdchak2-cer-jhr@nic.in |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Water Ways Division No.2,
Hazaribag.


PR.NO.348170 Water Resource(24-25):D


### सीसीएल दरभंगा हाउस में महिला दिवस को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं का आर्थिक उत्थान समाज के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण: पद्मश्री चामी मुर्मू

**महिलाओं की क्षमताओं को उजागर करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना उद्देश्य : सीएमडी**





विजय कुमार सिंह

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** रांची दरभंगा हाउस स्थित सीसीएल मुख्यालय में स्थित गंगोत्री सभागार में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा की सोच को लेकर आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित चामी मुर्मू के साथ केंद्रीय कोयला मंत्रालय की अपर सचिव रुपिंदर बरार भी शामिल हुईं। कोल इंडिया लिमिटेड की स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्रबंधन की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य प्रदर्शनी सह विक्रय का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इससे उनके उद्यमिता कौशल को नया आयाम मिला। कार्यक्रम में कोल इंडिया के डीपी विनय रंजन, सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह, सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा, निदेशक तकनीकी संचालन हरीश दुहन, निदेशक तकनीकी योजना व परियोजना चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक कल्याण रेखा पांडेय, महाप्रबंधक सीएसआर एसएस लाल आदि उपस्थित रहे। यहां महिला सशक्तिकरण की नई राह प्रदर्शनी के माध्यम से उन महिलाओं की प्रेरक कहानियां साझा की गईं, जिन्होंने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की और आज सफल उद्यमी बन चुकी हैं। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमड़ी नीलेन्दु कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक पहल करते रहना भी हमारा उद्देश्य है। कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से उनकी क्षमताओं को उजागर करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्तिकरण प्रदान करने की सोच है। उनके हुनर को परवाज देने के लिए संस्थान की ओर से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाए कल भी सबल थी, आज भी सबल है और आगे भी सबल रहेंगी। बस जरूरत है जब-जब उन्हें साथ अथवा सहयोग की जरूरत पड़े, हर मानवीय हाथ उनके सहयोग में निश्चित रूप से बढ़ाने का कार्य हो। वहीं, पद्मश्री मुर्मू ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक उत्थान समाज के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान यहां कई लोग ने विचार रखा। इस मौके पर प्रीति सिंह, शशि दुहन, रीता तिवारी, इंदु मिश्रा, रूपा कुमारी, रीता मिश्रा आदि मौजूद थीं।

## 61882 मामले का निष्पादन, 8 .85 करोड़ की वसूली

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट, झारखंड हाईकोर्ट और बोकारो जिला के प्रधान जज के निर्देश पर शनिवार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल वाद, क्लेम वाद, एन आई एक्ट वाद, बिजली, वन, उत्पाद, श्रम, माप-तौल और टेलीफोन विभाग सहित अन्य मामलों का निष्पादन किया गया। इसके लिए तीन बेंच का गठन किया गया था। पहले बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी और अधिवक्ता बिनोद कुमार गुप्ता मौजूद थे। इस दौरान कुल 61,882 मामलों का विपटारा किया गया। जिसके एवज में आठ करोड़ 85 लाख रुपये के सुलहनीय राशि की प्राप्ति हुई। इसमें बैंक के 367 मामले का निपटारा हुआ, जिससे दो करोड़ 47 लाख रुपए, बिजली विभाग के 9,405 मामले में पांच करोड़ 17 लाख रुपए, चेक बाउंस के 45 मामले में 95 लाख रुपए की सुलहनीय राशि वसूल किया गया।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ............................../ दिनांक ........................ /

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 43/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 17.03.2025 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19.03.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.03.2025 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. **कार्य की विवरणी** :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Community Hall at Village Khariyodih near Khariyodih Dham under block Jainagar Dist Koderma | 17,27,341.00 | 5,000.00 | 35,000.00 | 4 Month |
| 2 | Construction of Community Hall at Khuta under Block Satgawan Dist Koderma | 17,27,341.00 | 5,000.00 | 35,000.00 | 4 Month |
| 3 | Laying of Kotastone in Class Room Corridor of Jay Hind Residential Sainik School Tilaiya | 9,81,510.00 | 1,250.00 | 20,000.00 | 3 Month |
| 4 | Renovation and Beautification of Sanskritik Bhawan Jainagar in Jainagar Block Campus at Jainagar Block under Koderma Dist | 24,79,425.00 | 5,000.00 | 50,000.00 | 4 Month |
| 5 | Construction of Boundary wall for Upgraded High School Jamu at Markacho Block under Koderma Dist. | 13,72,720.00 | 2,500.00 | 28,000.00 | 3 Month |
| 6 | Construction of Godown 40 Feet x 25 Feet with Electrical work in Animal Hospital Lokai Koderma | 18,26,540.00 | 5,000.00 | 37,000.00 | 6 Month |
| 7 | Construction of Four Additional Class Room (ACR 30' x 20' in Upgraded 10+2 School Pathaldiha Koderma | 49,75,400.00 | 5,000.00 | 1,00,000.00 | 6 Month |
| 8 | Construction of Two Additional Class Room (ACR 30' x 20' in Upgraded School Jharkhi Bishunpur Koderma | 23,72,751.00 | 5,000.00 | 48,000.00 | 6 Month |
| 9 | Renovation of Birsa Community Library in Campus of Satgawan Block at Koderma Dist. | 11,10,486.00 | 2,500.00 | 23,000.00 | 3 Month |
| 10 | Renovation of Storage Facilities for Seized Narcotics Drugs and Psychotropic Substances, Koderma. | 42,80,400.00 | 5,000.00 | 86,000.00 | 4 Month |
| 11 | E/R of Toilet of all three floor of Part-A Building at Collectorate Building Koderma Dist Koderma | 2,49,520.00 | 500.00 | 5,000.00 | 15 Days |
| 12 | Emergent work in SDPO Office Building at Koderma | 2,49,680.00 | 500.00 | 5,000.00 | 15 Days |
| 13 | Emergent Repair work in Panchayat Election Office & Chamber of Panchayat Election officer Koderma at Collectorate Building Koderma | 2,49,242.00 | 500.00 | 5,000.00 | 15 Days |
| 14 | Emergent work to Toilet of District Najarat Officer and District Election officer in Collectorate Building Koderma | 2,47,053.00 | 500.00 | 5,000.00 | 15 Days |
| 15 | Emergent Repair and Beautification of Executive Engineer, BCD Residence Koderma | 7,10,000.00 | 1,250.00 | 14,500.00 | 10 Days |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 348130 Building(24-25)#D

## मुख्यमंत्री ने 638 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक करोड़ 64 हजार महिलाओं को मिली सुभद्रा योजना की दूसरी किस्त




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गंजाम जिले के ब्रह्मपुर शहर के आम्बपुआ में राज्य की एक करोड़ 64 हजार महिलाओं को सुभद्रा योजना की दूसरी किस्त प्रदान की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 51वें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर हमारी 9 महीने की नयी सरकार ने प्रदेश की एक करोड़ से ज्यादा माताओं के लिए आर्थिक आजादी का रास्ता खोल दिया है। सभी माताओं को 2 किस्तों में 10 हजार रुपये मिले। उन्होंने आगे कहा कि हमारे आलोचक भूल गए हैं कि एक बच्चे को जन्म लेने के लिए 9 महीने मां के गर्भ में गुजारने पड़ते हैं। हमारी सरकार के 9 महीने पूरे होने में चार दिन और बचे हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुराचार के अपराधियों को कड़ा संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराधी सरकार के लिए सिर्फ अपराधी हैं, विशेष रूप से व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए, और ऐसे अपराधियों के लिए सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। इसका लक्ष्य देश भर में तीन करोड़ लक्षपति दीदी बनाना है। हमारे राज्य ने पूरे भारत में दूसरा स्थान हासिल किया है; अब तक हमने 5 लाख लक्षपति दीदी बनाई हैं। हालांकि, इसमें कई जल आपूर्ति परियोजनाएं, सड़क सुधार, पुल निर्माण, चेक बांध परियोजना, स्वास्थ्य देखभाल केंद्र स्थापना, इन-स्ट्रीम स्टोरेज परियोजना आदि हैं। उप मुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने कहा कि सुभद्रा आज एक करोड़ से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुकी हैं। 8 महीने के भीतर हमने महिलाओं को सशक्त बनाने का वादा किया है और हम इसे इस तरह से पूरा करेंगे। उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव, कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मत्स्य पालन और पशुधन विकास मंत्री गोकुलानंद मल्लिक, वाणिज्य और परिवहन मंत्री विभुति भूषण जेना, ब्रह्मपुर सांसद प्रदीप पाणीग्राही, आसका सांसद अनीता शुभदर्शिनी और गंजाम जिले के सभी विधायक उपस्थित थे।

## पूर्व तट रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया




**भुवनेश्वर।** पुर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सहयोग से भुवनेश्वर स्थित रेलवे ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया। महिला रेलवे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुर्व तट रेलवे की अध्यक्ष कविता फुंकवाल ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक महिला को अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानना चाहिए, चुनौतियों पर विजय प्राप्त करनी चाहिए और अपनी अंतर्निहित प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। खुर्दा रोड स्थित मंडल रेलवे अस्पताल की मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ पी वरलक्ष्मी ने महिलाओं में होने वाली सामान्य स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बताया। विशाखापत्तनम में स्टेशन अधीक्षक अला अरुणा ने रेलवे परिचालन के विभिन्न पहलुओं में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला और उन्हें भारतीय रेलवे को बदलने में योद्धा के रूप में स्वीकार किया। खुर्दा रोड, वाल्टेयर, रायगडा और संबलपुर के मंडल मुख्यालयों के साथ-साथ पुर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार के भीतर विभिन्न महत्वपूर्ण स्टेशनों पर भी महिला दिवस समारोह मनाया गया। पूर्व तट रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी (सामान्य) सूर्य प्रकाश ने रेलवे में उनके इमानदार योगदान के लिए महिला कर्मचारियों को बधाई दी।

## महिलाओं के सशक्तीकरण से ही समाज आगे बढ़ेगा : सास्वती दास



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (एसओए) डीम्ड यूनिवर्सिटी की महिला कर्मचारियों ने शुक्रवार को निर्धारित तिथि से एक दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। एसओए की उपाध्यक्ष सास्वती दास ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आज महिलाएं जीवन के लगभग हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ चल रही हैं। महिलाएं कला, संस्कृति और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सफल उद्यमी बन गयी हैं। दास ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण से ही समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एसओए इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखे हुए है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे पूरे राज्य के लिए उदाहरण बन गयी हैं। कार्यक्रम में एसओए की प्रो-कुलपति प्रो डॉ नीता मोहंती, परीक्षा नियंत्रक प्रो मंजुला दास और एसओए सेंटर फॉर प्रिजर्वेशन, प्रोपेगेशन एंड रेस्टोरेशन ऑफ एंशिएंट कल्चर एंड हेरिटेज ऑफ इंडिया (पीपीआरएसीएचआईएन) की प्रमुख डॉ गायत्रीबाला पांडा उपस्थित थीं। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की डीन प्रो डॉ रुचि भुयान, एसयूएम नर्सिंग कॉलेज की निदेशक प्रो प्रावती त्रिपाठी और एसएनसी की डीन प्रो सस्मिता दास के अलावा विभिन्न संस्थानों की महिला संकाय सदस्य और कर्मचारी भी शामिल हुए। एसओए के 54 फीसदी छात्र लड़कियां हैं, जबकि 42 फीसदी संकाय सदस्य और अन्य कर्मचारी महिलाएं हैं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में नारी-शक्ति सम्मान कार्यक्रम




**कटक (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ बड़ौदा कटक क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025' की पूर्व संध्या पर नारी-शक्ति सम्मान कार्यक्रम एवं राजभाषा-संगोष्ठी का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय, कटक में किया गया। सर्वप्रथम कटक क्षेत्रीय प्रमुख रणजीत कुमार ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला अतिथियों: डॉ समिता मोहंती, डायरेक्टर, सद्गुरु मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर, कटक एवं नंदिता पंडा, डायरेक्टर जय भारत स्पाइसेज प्राइवेट लिमिटेड, कटक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। संगोष्ठी पश्चात, मुख्य अतिथियों को बैंक की ओर से पौधे एवं उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। धन्यवाद-ज्ञापन, कटक उपक्षेत्रीय प्रमुख राजेश पसायत द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक प्रवर्त दास, कटक क्षेत्र की शाखाओं की महिला स्टाफ सदस्य और क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## हिंडाल्को ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया




**हीराकुद (आजाद सिपाही)।** हिंडाल्को परिवारिक और सामुदायिक विकास विभाग के सहयोग से स्थानीय पावर कॉलोनी कम्युनिटी हॉल में हीराकुद क्षेत्र की महिलाओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। हिंडाल्को संबलपुर यूनिट प्रमुख देवाशीष मलिक के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबलपुर उप-जिलाधिकारी डॉ पुष्पांजलि पंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सम्मानित अतिथियों में दिव्याश्री महिला क्लब की सदस्य गीति राय मलिक,लक्ष्मी झा, मौसुमी पाढ़ी (सामान्य निदेशक, एमसीओइ) शामिल थीं, जिन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हिंडाल्को उरफप्रमुख सुकांत कुमार महापात्र और बिग्नेश्वर पंडा भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अन्य आमंत्रित अतिथियों ने भी महिलाओं की प्रगति के लिए समानता की आवश्यकता पर बल दिया। महम्मदपुर कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## एनटीपीसी एनआरएचक्यू ने उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया




**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह थीम महिलाओं को सशक्त बनाने और शिक्षा को बढ़ावा देकर लैंगिक समानता को तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करती है। इस विशेष अवसर पर एनएस राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) ने एनआरएचक्यू की महिला कर्मचारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिला सशक्तिकरण घर से शुरू होता है और धीरे-धीरे समाज तक फैलता है। अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (ओएस), ने भी इस अवसर पर उपस्थित महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा समीरन सिन्हा रे, क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख, ने एक क्षेत्र, स्टेशन या विभाग को पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित करने के अपने सपने को साझा किया, जो महिला सशक्तिकरण का एक अद्वितीय उदाहरण होगा। कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि एनटीपीसी एक महिला-अनुकूल कार्य वातावरण प्रदान करता है, जहां उन्हें वरिष्ठ प्रबंधन तक बिना किसी बाधा के पहुंचने की स्वतंत्रता मिलती है।

## भुवनेश्वर न्यू स्टेशन से तीन महत्वपूर्ण ट्रेनें चलेंगी



- उत्तर भुवनेश्वर और आस-पास के इलाकों के लोगों को सुविधा होगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने भुवनेश्वर न्यू स्टेशन से/पर तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के आरंभ और समापन की घोषणा करने की योजना बनाई है, जो जल्द ही भुवनेश्वर न्यू स्टेशन से आरंभ होंगी। इन ट्रेनों में भुवनेश्वर-मुंबई कोणार्क एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-सिकंदराबाद विशाखा एक्सप्रेस और भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल हैं। ये ट्रेनें मंचेश्वर रेलवे स्टेशन पर दो मिनट के लिए रुकेंगी। यह स्टेशन उत्तर भुवनेश्वर में स्थित कई इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए एक सुविधाजनक केंद्र के रूप में काम करेगा। चिकित्सा यात्रा की आवश्यकता वाले यात्रियों को बहुत लाभ होगा, क्योंकि शहर के इस हिस्से में कई अस्पताल स्थित हैं।

**परिसंचारी क्षेत्र का विस्तार और सुधार**

अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का प्रावधान, यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय और शौचालय, मौजूदा प्लेटफॉर्म और उसकी रोशनी में सुधार, कोच वाटरिंग सुविधाओं की स्थापना, सभी प्लेटफॉर्म पर लिफ्टों का प्रावधान, मौजूदा स्टेशन भवन का उंनयन।

## कलिंग स्टेडियम में खेला जायेगा 'कलिंग सुपर कप'



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 'कलिंग सुपर कप' अगले अप्रैल में भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेला जायेगा। कलिंग स्टेडियम को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) द्वारा इस फुटबॉल मैच के लिए चुना गया है। इसके अलावा, साथ ही, प्रतिष्ठित सुपर कप को औपचारिक रूप से कलिंग सुपर कप' नाम दिया गया है। कलिंग सुपर कप 18 से 28 अप्रैल तक खेला जायेगा। एआइएफएफ ने जहां राज्य खेल विभाग को पत्र लिखा है, वहीं खेल विभाग ने सोशल मीडिया पर भी इसकी घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पांच तारीख को बीजू पटनायक की राज्य स्तरीय जयंती के अवसर पर कलिंग के नाम पर फुटबॉल कप आयोजन की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजू बाबू के नाम पर कलिंग फुटबॉल कप पिछली सरकार द्वारा शुरू नहीं किया जा सका था, लेकिन अब इसे फिर से शुरू किया जायेगा।

## मिक्स्चर फैक्ट्री में लगी आग



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शहीदनगर स्थित एक मिक्स्चर फैक्ट्री में शनिवार सुबह आग लग गयी। फैक्ट्री में रखे हुए लाखों रुपये के उपकरण और मिक्स्चर तैयार करने का सामान जलकर नष्ट हो गया है। सुबह मिक्स्चर फैक्ट्री में आग लगने का पता चलने पर फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना दी गयी। दो दमकल स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। कारखाने के अंदर तेल और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गयी।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**